07 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 49

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

तीसरे वनडे में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट हराया



**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
- 2 YEARS M.Sc. Nursing
- 2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
- 4 YEARS B.Sc. Nursing
- 3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
- 2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
- 4 YEARS BMLT
- 2 YEARS DMLT
- 2 YEARS OT ASSISTANT
- 2 YEARS ECG
- 2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
- 2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
- 2 YEARS RADIO-IMAGING
- 2 YEARS ANESTHESIA TECH.
- 1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
- 2 YEARS D-PHARM
- 4 YEARS B-PHARM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# विधानसभा में उठेगा आदिवासी जमीन पर अवैध कब्जा का मामला

## आजाद सिपाही में छपी खबर का असर: जांच करने पहुंचे अधिकारी

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला बोकारो रोड स्थित वनांचल कॉनकास्ट प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में गरीब आदिवासी की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किये जाने के मामले को 'आजाद सिपाही' में खबर प्रकाशित के बाद विधायक ममता देवी ने गंभीरता से लिया है। मामले को विधानसभा के पटल पर उठाने की उन्होंने बात कही है। उन्होंने अंचल अधिकारी को मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का निर्देश दिया है। शनिवार को एक टीम फैक्ट्री जांच करने पहुंची। जांच के क्रम में कई बिंदुओं पर गहन रूप से पड़ताल की गयी। टीम में शामिल अंचल निरीक्षक मनोज कुमार ने फैक्ट्री प्रबंधन दवारा चहारदिवारी की गयी भूमि को देखा। जांच के बाद सोमवार को दोनों पक्षो से अपने-अपने कागजात प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। कागजात नहीं देने पर नोटिस दिया जायेगा। फैक्ट्री गेट में मौजूद लोगों से जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने कोई बातचीत नहीं किया। बताते चलें कि 'आजाद सिपाही' अखबार ने 'वानांचल प्लांट पर आदिवासी भूमि पर कब्जा करने का आरोप' शीर्षक से 4 दिसंबर को खबर छपी थी। इस खबर को विधायक ममता देवी ने गंभीरता से लिया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी भी हरकत में आये। शनिवार को अधिकारियों की टीम जांच के लिए पहुंची थी।


वनांचल प्लांट पर आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप



# इंडिगो संकट: मनमाना किराये पर लगी रोक

- केंद्र सरकार एक्शन में, एयरलाइन कंपनियों पर लगाया फेयर कैप
- अब 500 किमी तक हवाई सफर के लिए अधिकतम 7500 रुपये लगेंगे
- इंडिगो को रिफंड के लिए आज तक का समय, दो दिनों में सामान भी लौटाने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि वह रविवार रात 8 बजे तक कैंसिल टिकट का पैसा यात्रियों को वापस करे। यात्रियों के सामान भी 48 घंटे में लौटाये। बीते पांच दिनों में इंडिगो की 2000 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने से हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं। इसके मद्देनजर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया है। इसके अलावा सरकार ने दूसरी विमानन कंपनियों से कहा कि वे तय हवाई किराये से ज्यादा ना लें। सरकार ने हवाई किराया तय कर दिया है। अब 500 किमी तक हवाई सफर में 7500 रुपये किराया लगेगा।

**रिफंड को लेकर सरकार के सख्त निर्देश:** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की ओर से शनिवार को पांचवें दिन 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द करने से पैदा हुई दिक्कतों के एक दिन बाद मंत्रालय ने कहा कि रिफंड प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या गैर-अनुपालन पर तत्काल नियामक कार्रवाई की जायेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया रविवार रात 8 बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। एयरलाइंस को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन यात्रियों से कोई रीशेड्यूलिंग शुल्क न वसूलें, जिनकी यात्रा पर रद्दीकरण का असर पड़ा है। बयान में कहा गया है कि स्वचालित रिफंड की प्रणाली तब तक सक्रिय रहेगी, जब तक परिचालन पूरी तरह से स्थिर नहीं हो जाता। इसके अलावा मंत्रालय ने कहा कि एयरलाइन को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उड़ान रद्द होने या देरी के कारण यात्रियों से अलग हुए सामान का पता लगाया जाये और अगले 48 घंटों के भीतर उन्हें सौंप दिया जाये।



### सरकार के निर्देश पर क्या बोला इंडिगो

इंडिगो ने ट्वीट कर कहा है कि हाल की घटनाओं के मद्देनजर यात्रियों के रद्दीकरण के सभी रिफंड स्वचालित रूप से लौट जायेंगे। इंडिगो ने कहा कि हम 5 दिसंबर 2025 और 15 दिसंबर 2025 के बीच यात्रा के लिए आपकी बुकिंग के सभी रद्दीकरण/पुनर्निर्धारण अनुरोधों पर पूरी छूट देंगे।

### देशभर में शनिवार को 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द

शनिवार को देशभर के अलग-अलग हवाई अड्डों पर 400 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गयीं। इंडिगो को समर्पित यात्री सहायता और रिफंड सुविधा प्रकोष्ठ स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है। निर्देश के अनुसार इन प्रकोष्ठों को प्रभावित यात्रियों से सक्रिय रूप से संपर्क करने और यह सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है कि रिफंड और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्थाएं कई बार अनुवर्ती कार्रवाई किये बिना ही पूरी हो जायें।

### सरकार द्वारा तय किराया

- 500 किमी तक हवाई सफर में 7500 रुपये
- 500 से 1000 किमी तक अधिकतम 12,000 रुपये
- 1000 से 1500 किमी तक अधिकतम 15,000 रुपये
- 1500 किमी से ऊपर अधिकतम 18,000 रुपये लगेंगे।

(इसमें बिजनेस क्लास शामिल नहीं है)

# घुसपैठियों को चुन-चुन कर वोटर लिस्ट से करेंगे डिलीट: जेपी नड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि घुसपैठियों को चुनचुन कर बाहर करेंगे। साथ ही वोटर लिस्ट से भी डिलीट करेंगे। राज्य सरकार इस पर नाकाम रही है। आजकल जमाई टोला बन रहा है। बांग्लादेशी आदिवासी बहनों से शादी कर जमीन हड़प रहे हैं। ये लोग देशद्रोही के सहारे सरकार चलाना चाहते हैं। नड्डा शनिवार को देवघर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

बताते चलें कि नड्डा दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम देवघर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद वे बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चंपई सोरेन, मधु कोड़ा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, चुनावी रणनीति, क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों और विड्डिन्न विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गयी। शनिवार सुबह नड्डा ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर झारखंड एवं देश की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, तीर्थ क्षेत्र के विकास और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। स्थानीय प्रशासन और भाजपा पदाधिकारियों ने उन्हें क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और नई परियोजनाओं की जानकारी दी।

**जनता के साथ विश्वासघात किया:** नड्डा ने कहा कि झारखंड की जनता के साथ विश्वासघात किया गया है। 450 रुपये में गैस सिलेंडर, 10 लाख रोजगार, 15 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस के साथ किसानों को 3200 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य नहीं मिला। हाथी के दांत दिखाने के और खाने के और हैं। सीएम के पूर्व सचिव शराब घोटाले में जेल में हैं। ये सिंडिकेट है। ये सरकारी खजानों को अपने घरों में भरने वाले लोग हैं। आने वाले समय में कमल खिलाना है।



### आदिवासियों की संख्या घटी है

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि घुसपैठ के कारण आदिवासियों की संख्या घटी है। 45 फीसदी से 28 फीसदी हो गयी है। हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी हेमंत सरकार जांच नहीं करा रही है। नड्डा ने कहा कि झारखंड में ठेकेदारों से कमीशन लिया जा रहा है। जबकि पेमेंट देने के नाम पर ठन-ठन गोपाल है। सारे काम रुक गये हैं।

### झारखंड अपराध का गढ़ बन गया

नड्डा ने कहा कि झारखंड अपराध का गढ़ बन गया है। हत्या के मामले में झारखंड देश के दूसरे नंबर पर है। ऑनर किलिंग के मामले में झारखंड नबंर वन है। सूर्या हांसदा का मर्डर सरकार ने कराया। रामेश्वर मुर्मू का मर्डर कराया गया। हुल दिवस पर लाठी चार्ज कराया गया। भाजपा ने आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया। आज कांग्रेस उनका उपहास करती है। आज कांग्रेस घुसपैठियों का वकील बन कर खड़ा हो जाती है। आज जेएमएम से मुक्ति दिलाने की आवश्यकता है।

# राज्य में विभिन्न विभागों में 1934 पद सृजन की अनुशंसा

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने महानिदेशक पशुपालन के साथ विभिन्न विभागों में 1934 पद सृजन की अनुशंसा की है। इसमें सीबीआई द्वारा चिट फंड से संबंधित दर्ज वादों के निपटारे के लिए रांची में विशेष न्यायिक दण्डाधिकारी (सिविल जज-जूनियर डिवीजन) के 02 पृथक न्यायालयों की स्थापना के लिए 14 पद सृजन की अनुशंसा की है। यह अनुशंसा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई प्रशासी पदवर्ग समिति की बैठक में की गई। वहीं, केंद्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित विभिन्न बाल देख-रेख गृहों में 393 पद सृजन की अनुशंसा की गयी है।




# रांची के रिम्स परिसर में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## पुलिस, निगम और रिम्स प्रशासन के लोग थे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स की आवासीय कॉलोनियों में वर्षों से झोपड़ियों और मड़ई में अपने परिवारों के साथ रह रहे लोगों के घरों पर शनिवार को सरकारी बुलडोजर चला। बड़ी संख्या में पुलिस बल, नगर निगम की बुलडोजर टीम और रिम्स प्रबंधन के साथ-साथ जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने बरियातू थाना के पीछे स्थित डॉक्टरों के क्वार्टर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

इस दौरान, स्थानीय लोगों ने इस अभियान का विरोध किया, जबकि बेघर हुए लोगों ने प्रशासन पर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में भेदभाव का आरोप लगाया।

**हाइकोर्ट ने 3 दिसंबर को दिया था निर्देश:** हाइकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए 3 दिसंबर को राज्य सरकार और रिम्स प्रबंधन को 72 घंटे के भीतर सभी अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। हाइकोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए, सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। 72 घंटे की अवधि समाप्त होने के बाद रांची जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और रिम्स प्रबंधन ने संयुक्त रूप से आज अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया।



### अभियान अभी जारी रहेगा

पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शनिवार को अतिक्रमणकारियों को हटाया गया है। यह अभियान रविवार को भी जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि मानवीय संवेदना एक बात है, लेकिन कानून का पालन कराना उससे ज्यादा जरूरी है। जिन लोगों के आशियाने आज गिराये गये, उनमें से कई लोग रिम्स में आउटसोर्स पर सेवाएं दे रहे हैं।

### तीन स्थानों पर हुई कार्रवाई

अतिक्रमण हटाओ अभियान के लिए नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट साइनी तिग्गा ने कहा कि शनिवार को तीन टीमों ने रिम्स परिसर के अलग-अलग स्थानों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान जारी रहेगा। जिन लोगों ने अभी भी रिम्स की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है, वह जल्द से जल्द स्वेच्छा से खाली कर दें। अगर वह खुद नहीं हटेंगे, तो अतिक्रमण हटाने में होने वाला सारा खर्च संबंधित अतिक्रमणकारियों से भू-राजस्व के बकाया के रूप पर वसूल किया जायेगा। इसके अलावा, संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जायेगी।

# पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रखी गयी नयी बाबरी मस्जिद की नींव

- टीएमसी निलंबित विधायक हुमांयू ने कहा कोई ताकत इसे बनने से रोक नहीं सकती
- कार्यक्रम में दो लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमांयू कबीर ने अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक नयी मस्जिद की आधारशिला रखी। विधायक हुमायूं कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाये गये। कार्यक्रम में दो लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आये लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लाकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। हुमांयू कबीर ने कहा कि कोई भी ताकत बाबरी मस्जिद बनने से रोक नहीं सकती। हम कलकत्ता हाइकोर्ट के आदेशों का पालन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका शनिवार सुबह से ही हाई अलर्ट पर था।



**OXFORD PUBLIC SCHOOL**
ESTD. 1996 | CBSE AFFILIATION NO: 3430121
OLD H.B. ROAD, PRAGATI PATH, RANCHI- 834011
Contact No.: 7485096731; 7461944744 | Website: www.oxfordpublicschool.net.in

REGISTRATION FOR ADMISSION IN CLASS XI: SESSION 2026-27
SCIENCE | COMMERCE | ARTS (HUMANITIES)

ELIGIBILITY:
- Students appearing in Class X Board Exam 2026 from any Board.
- Provisional admission in Class XI will be done on the basis of OPS Entrance Test (date will be announced later).
- Final admission and scholarships will be granted on the basis of Class X Board Result 2026.

SCHOLARSHIP TEST FOR ADMISSION IN CLASS IX: SESSION 2026-27
Date of Scholarship Test: 18 01 2026
For more information, visit our website or send us your queries on: oxfordpsranchi@gmail.com
Principal

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# पुतिन की भारत यात्रा ने साबित की मोदी की कूटनीतिक ताकत

## ■ अब शुरू होगा भारत और रूस के आपसी रिश्तों का नया अध्याय

## ■ दक्षिण एशिया ही नहीं, पूरे भारतीय प्रायद्वीप पर पड़ेगा इस दौरे का असर

## ■ नयी विश्व व्यवस्था स्थापित करने में भी मददगार होगी पुतिन की यात्रा

**आजाद सिपाही विशेष**

**रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की 30 घंटे की भारत यात्रा संपन्न हो गयी है। स्वाभाविक तौर पर इस यात्रा का मूल्यांकन दोनों देशों के बीच रक्षा समझौते की कसौटी पर किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि पुतिन की यह यात्रा किसी समझौते से आगे परस्पर विश्वास और सम्मान को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने वाले अध्याय की शुरूआत के रूप में देखी जानी चाहिए। पुतिन और मोदी की गर्माहट भरी मुलाकात और दोनों नेताओं के हाव-भाव ने भारत और रूस के बीच के सात दशक पुराने रिश्तों को एक नयी मजबूती देने की प्रतिबद्धता दोहरायी है, तो इसके साथ ही नयी विश्व व्यवस्था स्थापित करने में भारत, खास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक ताकत को भी रेखांकित किया है। पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच के रिश्तों के उस अध्याय की शुरूआत हुई है, जिसने अमेरिका, चीन और नाटो संगठन के एकाधिकारवादी दृष्टिकोण को नेपथ्य में धकेलने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारत और रूस के सात दशक पुराने रिश्ते में रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ भारतीय उपमहाद्वीप में बढ़ रही आतंकवादी गतिविधियां दोनों देशों की चिंता का कारण बनी हुई हैं, जिन पर पुतिन और मोदी ने एकसमान विचार दुनिया के सामने रखे। कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत के लिए और वैश्विक ताकत बन रहे रूस के लिए यह बहुत बड़ी कामयाबी है। भारत के नजरिये से क्या है पुतिन की यात्रा का मतलब और इससे दोनों देशों के रिश्तों में क्या बदलाव हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गयी मित्रता का नवीन उद्घोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, लेकिन भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हुई है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप और नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाये हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया, बल्कि ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना है। इसलिए यह यात्रा केवल दो नेताओं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नये युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है।

### 70 साल पुरानी है भारत-रूस की मित्रता

भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को ध्रुवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, लेकिन भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाये रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीद कर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की और रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंप्रभुता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा है। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभायी। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दशार्ता है।



### पुतिन की यात्रा से मजबूत हुआ रिश्ता

पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय हुई, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के खिलाफ एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक और स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुध्रुवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है। इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ा है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय और दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं, बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है।

### रक्षा समझौता नहीं होना भी भारत के हित में

रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद थी, जो नहीं हुई, लेकिन इससे भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ है। भारत का लक्ष्य ह्यमेक इन इंडियाह्ण रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट्स आपूर्ति और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नये विकल्प यात्रा के दौरान उभरे हैं। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निमार्ता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को दशार्ता है।

### नये अध्याय की शुरूआत

पुतिन की यात्रा के बाद भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस भारत का विश्वस्त साझीदार बना रहा है। भारत और रूस की प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नयी गरमाहट पैदा हुई है और दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आयी है।

### मोदी की कूटनीतिक कुशलता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं। भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिए भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है।

### परस्पर विश्वास और सम्मान


भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझा, चाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की है। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएं हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष है। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाये रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाये, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। लेकिन इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दशार्ते हैं।

पुतिन की इस यात्रा का महत्व इसलिए भी है कि यह बताती है कि भारत किसी वैश्विक शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध तय करता है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा आत्मनिर्भरता, बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था और एशियाई सामरिक संतुलन की दृष्टि से भारत-रूस साझेदारी अपरिहार्य है। मोदी और पुतिन की मुलाकात इस विश्वास की प्रमाणिकता है कि संबंध केवल शीत युद्ध की स्मृतियों पर नहीं, बल्कि समकालीन हितों और भविष्य की रणनीति पर आधारित हैं। यह यात्रा एक प्रतीक है-स्वतंत्र विदेश नीति, सामरिक साझेदारी और सांस्कृतिक सम्मान की। भारत-रूस संबंध केवल दो राष्ट्रों की निकटता का परिचय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक विशिष्ट वैकल्पिक शक्ति संरचना का निर्माण है। पश्चिमी देशों की आलोचना और प्रतिबंधों के बावजूद भारत और रूस ने अपने संबंधों को न केवल जीवित रखा बल्कि सुदृढ़ किया।

पुतिन की यात्रा से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नयी गति मिलेगी, रक्षा उत्पादन को स्वदेशीकरण का बल मिलेगा, व्यापार और तकनीकी सहयोग विस्तृत होगा और रणनीतिक विश्वास की डोर और मजबूत होगी। पुतिन और मोदी की गर्मजोशी भरी मुलाकात बताती है कि भू-राजनीति केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग पर भी टिकती है। अतः कहा जा सकता है कि पुतिन की भारत यात्रा एक नयी ऊर्जा, नये दृष्टिकोण और नयी साझेदारियों की शुरूआत है, जहां भारत और रूस न केवल मित्र हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संतुलित, स्वाधीन और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निमार्ता भी हैं। यह यात्रा उसी निर्माण का नवीन अध्याय है, जिसमें पुराने भरोसे से जन्म ले रहा है एक नया भविष्य।

---

# पेटरवार प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप खुलेआम धान लोडिंग, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल



**धान लोड कर ट्रक को तिरपाल से ढकते लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पेटरवार।** पेटरवार प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप एक हैरान करने वाली गतिविधि खुलकर सामने आ रही है। प्रखंड कार्यालय के गेट के ठीक समीप बड़े-बड़े ट्रक में बिचौलियों के द्वारा खुलेआम धान लोड कर ले जाया जा रहा है, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि पूरा मामला प्रशासन की आंखों के सामने होने के बावजूद किसी भी अधिकारी द्वारा इसमें हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है। प्रखंड प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। व्यापारियों के एजेंट गांव-देहात से धान खरीदकर सीधे ट्रकों में भरवा रहे हैं।ट्रक संख्या (जे एच 12 जे 6263) के चालक से पूछे जाने पर चालक ने बिना डर के कहा कि नीलकंठ जायसवाल नामक व्यापारी का धान है। खास बात यह है कि इस समय सरकारी धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है, जिसके कारण किसान सरकारी दर पर अपनी फसल बेचने से वंचित हो रहे हैं। ऐसे में अवैध खरीद-फरोख्त का यह खुला खेल किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते है। प्रखंड कार्यालय परिसर प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र होता है, ऐसे में यहां अवैध धान लोडिंग होना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाता है। लोगों की मांग है कि जिला प्रशासन इस मामले का संज्ञान लेते हुए जांच करे और अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगाये।

> **‘** मामले पर जिला सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ऋतुराज ने बताया कि प्रखंड परिसर के समीप इस तरह से खुलेआम धान को ट्रैकों में लोड कर ले जाना सरासर गलत है। बीडीओ नोडल पदाधिकारी होते हैं । उनको इस मामले को देखना चाहिए उनके कार्यालय के सामने इस तरह से धान लोड हो रहा है। वहीं धान अधिप्राप्ति को लेकर उन्होंने कहा कि जल्द ही अधिसूचना जारी होने की संभावना है। आगामी 15 दिसंबर तक धान का उठाव हो सकता है।। इस बार किसानों को धान का एक मुस्त राशि देने योजना है।

> **‘** मामले पर अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि आपके द्वारा है मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच करेंगे। इस तरह से प्रखंड कार्यालय के समीप धान लोड होना गंभीर विषय है।

---

# गैस रिसाव पर प्रशासन सक्रिय, जांच टीम ने किया घटनास्थल का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुटकी अंचल एवं केंदुआडीह थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में हुए गैस रिसाव के बाद स्थिति का आकलन करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच समिति ने शनिवार को पूरे क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया। अपर समाहर्ता विनोद कुमार के नेतृत्व में जांच टीम राजपूत बस्ती, नया धौड़ा, मस्जिद मोहल्ला सहित अन्य प्रभावित स्थानों पर पहुंची और स्थानीय निवासियों से सीधे बातचीत कर घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति समझी।

टीम ने गैस रिसाव की शुरूआत कैसे हुई, इसके कारण हो रही स्वास्थ्य समस्याओं, अब तक किए गए राहत एवं बचाव कार्यों, तथा वर्तमान में लोगों को हो रही दिक्कतों एवं चुनौतियों पर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित कीं।



निरीक्षण के क्रम में जांच समिति कुस्तौर क्षेत्रीय अस्पताल भी पहुंची, जहाँ गैस से प्रभावित इलाजरत मरीजों से उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। टीम ने अस्पताल में तैनात मेडिकल अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से भी बात कर उपचार की उपलब्धता एवं चिकित्सा व्यवस्था की समीक्षा की।

जांच टीम में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा, आईटी मैनेजर रूपेश कुमार मिश्रा, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार तथा जिला राजस्व शाखा से प्रशांत झा शामिल थे। वहीं, स्थानीय स्तर पर पुटकी अंचलाधिकारी विकास आनंद, केंदुआडीह थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय तथा पीबी एरिया के निवर्तमान जीएम जी. सी. साहा भी पूरी अवधि तक समिति के साथ मौजूद रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.6 °c | 10.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.17 बजे |



# जेपी नड्डा ने देवघर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया

## ■ देवघर में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न
## ■ 24 सांगठनिक जिलों के कार्यकर्ता हुए शामिल
## ■ गुमला जिला कार्यालय का भी ऑनलाइन उद्घाटन हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवघर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन से पहले भाजपा कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही गुमला जिला कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। शनिवार को उद्घाटन के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की स्थिति गठबंधन सरकार ने भयावह बना दिया है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य में अमन चैन के बिना प्रगति असंभव है। उन्होंने कहा कि पुलिस सुरक्षा नहीं दे रही राज्य सरकार ने पुलिस को वसूली में लगा दिया है। युवा महिला किसान सभी की हालत खराब है। किसान औने पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसे हालात में राज्य को नहीं देख सकती। भाजपा झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि मोदी सरकार गांव गरीब किसान, दलित, वंचित के विकास के लिए समर्पित है। पिछले 11 वर्षों में देश का गरीब विकास की मुख्यधारा से जुड़ा है।

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि 6 दिसंबर का दिन भारत के इतिहास में शौर्य दिवस है। भारत की जनता ने राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भव्य मंदिर निर्माण का सपना पूरा हुआ।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि में बदलना है।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में सरकार नाम की कोई चीज नहीं। राज्य की डेमोग्राफी घुसपैठियों से बदल रही। उन्होंने कहा कि भाजपा ही आदिवासी समाज का विकास करती है। अटल जी ने अलग राज्य दिया, अलग जनजाति मंत्रालय बनाया, संथाली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया।

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि पार्टी की जन जन के बीच लेकर जाना है विकसित झारखंड बनाना है।

सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत हैं। भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। कार्यालय कार्यकर्ताओं का प्रेरणा स्थल है। सभा को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह, यदुनाथ पांडेय, अभयकांत प्रसाद, डॉ रविंद्र कुमार राय सहित विधायक देवेंद्र कुंवर, रणधीर सिंह, नारायण दास, ढुल्लू महतो ,आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन बालमुकुंद सहाय और धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने किया। इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, डॉ रविंद्र कुमार राय, अभयकांत प्रसाद, पीएन सिंह, यदुनाथ पांडेय, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, सुनील कुमार सिंह, अमर बाउरी, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, भानु प्रताप शाही, अशोक भगत, आरती कुजूर, प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, सरोज सिंह, नंदजी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, मुन्ना मिश्र, दिलीप वर्मा, मनोज महतो वाजपेयी, सीमा पासवान, कोषाध्यक्ष दीपक बंका कार्यालय मंत्री हेमंत दास, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, प्रवक्ता, प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, रमाकांत महतो, अमित मंडल, विजय चौरसिया, अजय साह, मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज, आरती सिंह, पवन साहू, अनवर हयात, किशुन दास, सीता सोरेन, रणधीर सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, राज सिन्हा, नागेंद्र महतो, शशिभूषण मेहता, आलोक चौरसिया, नीरा यादव सहित जिला अध्यक्ष जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा पदाधिकारी शामिल हुए। गुमला में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व मंत्री सुदर्शन भगत सहित गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक

# 3 जनवरी को मुख्यमंत्री आभार यात्रा कार्यक्रम



## राज्य के 25 हजार से अधिक आंदोलनकारी भाग लेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक डोरंडा रिसलदार बाबा दरगाह स्थित मुसाफिर खाना के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मैंगो के जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के अवसर पर 3 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री आभार यात्रा निकलने का निर्णय लिया गया। साथ ही विधानसभा सत्र के दौरान मंत्रियों- विधायकों से झारखंड आंदोलनकारियों के व्यापक हितार्थ में उनकी समास्याओं का समाधान करने का आग्रह किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रवीण मेहता व संचालन इजहार राही ने की। इस बैठक में मुख्य वक्ता पुष्कर महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड आंदोलनकारी को सम्मान पत्र एवं क्षैतिज आरक्षण 5% क्षैतिज आरक्षण देने के प्रति राज्य के सभी आंदोलनकारी मुख्यमंत्री के प्रति आभार यात्रा कर धन्यवाद करेंगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को न्याय के साथ सम्मान और समाज में स्वाभिमान से जीने का अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

बैठक में सुखराम हेंब्रम, रोजलीन तिर्की लाल धन महतो दाऊद करकेट्टा, अन थन लकड़ा, सरोजिनी कच्छप, जिदन कोल, मुजफ्फर हसन, प्रकाश खलखो रामनंदन साहू टहल साहू बुधन हंसदा, सुलेमान अंसारी, दो रामनाथ मेहता, पप्पू राइन, प्रधान सोरेन, गोपाल मंडल, विश्वजीत प्रमाणिक, शिबू काली, माईती रामचंद्र राणा, कैलाश सिंह, सुगन साव, रंजीत टोप्पो, राजेश प्रधान, सुजात टोप्पो, पुणे उरांव, अमानत अंसारी, सलीम अंसारी, मोहम्मद अजीज, आयता उरांव सहित बड़ी संख्या में राज्य भर के आंदोलनकारी उपस्थित हुए।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा,भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** कारोबार में उन्नति होने की संभावना,नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे,मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा,यश,कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर,वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।


**मकर** अकस्मात धन लाभ होने की संभावना,आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है, लाटरी जुआ, शेयर में पैसा न लगाएं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

सन्देश





**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल, झारखण्ड

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस शुभ अवसर पर मैं भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

हम प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाते हैं। इस दिन हम अपने देश की सशस्त्र सेना के प्रति सम्मान एवं एकजुटता प्रदर्शित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आश्वासन दिलाते हैं कि हम सभी भारतवासी उनके साथ हैं, जिनकी दिलेरी, बहादुरी, सतर्कता एवं चौकसी के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं।

हमारे देश की सशस्त्र सेना निरंतर सतर्क रहकर देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की रक्षा में सतत् सेवारत रहती है। चाहे युद्ध का समय हो या शांति काल, हमारी सशस्त्र सेना ने अपने कर्तव्य, साहस, समर्पण तथा निष्ठा से राष्ट्र को सदैव गौरवान्वित किया है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपनी क्षमता अनुसार "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" (एकीकृत निधि) में योगदान देकर, उन वीर सैनिकों जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, के प्रति अपना आभार प्रकट करें। इच्छुक संस्थान/व्यक्ति "AMALGAMATED FUND FOR WELFARE OF EX-SERVICEMEN" payable at Ranchi पर अपना दान दे सकते हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखण्ड के निवासी अपने गौरवमयी परंपरा को दृष्टि में रखते हुए झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति हम सभी की गहरी कृतज्ञता एवं असीम प्यार अभिव्यक्त करने में अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

जय हिन्द !



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हम प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर हम उन बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करते हैं, जिन्होंने विगत युद्धों तथा आतंकवाद के खिलाफ वीरता पूर्वक लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी या नि:शक्त हो गये।

राष्ट्र को अपनी सशस्त्र सेना पर गर्व है। बाहरी आक्रमण से भारतीय सेना ने देश की रक्षा करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमसब का नैतिक कर्तव्य है कि इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु प्रयास करें। इसके लिए राज्य में "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" का गठन किया गया है। राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी कार्यक्रमों में इस राशि का उपयोग किया जाता है, जिससे वीरांगनाओं, विधवाओं, नि:शक्त सैनिकों और उनके आश्रितों तथा सेवारत कर्मियों को लाभ मिलता है। हम सभी को इस निधि में उदारतापूर्वक दान देना चाहिए।

मैं झारखण्ड की जनता से अपील करता हूँ कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के शुभ अवसर पर शहीद सैनिकों, नि:शक्त जवानों एवं आश्रितों के कल्याणार्थ गठित "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" में उदारतापूर्वक दान दें। इच्छुक संस्थान/व्यक्ति "AMALGAMATED FUND FOR WELFARE OF EX-SERVICEMEN" payable at Ranchi पर अपना दान दे सकते हैं।

हम सबों का सहयोग प्रतीक रूप में अपनी सशस्त्र सेना के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रकटीकरण होगा। यह अंशदान हमारे सैनिकों का मनोबल ऊंचा करेगा एवं देशवासियों के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा।

जोहार !

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार

P.R. 367757 (Home) 25-26

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# विहिप-बजरंग दल ने हजारीबाग शहर में निकाली शौर्य यात्रा

**भगवामय हुआ शहर, दिखा शौर्य और भक्ति का अद्भुत संगम**

आजाद सिपाही संवाददाता






**हजारीबाग।** शनिवार को हजारीबाग नगर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा बड़े ही धूमधाम और अनुशासन के साथ निकली। इस यात्रा ने रामभक्तों के उत्साह और सनातन धर्म के प्रति उनकी आस्था का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिससे पूरा शहर केसरिया परचमों से भगवामय हो गया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा से पूर्व रामभक्त बजरंग दल के स्वयंसेवक शहर के बड़ा अखाड़ा परिसर में एकत्रित हुए, जहां एक प्रेरणादायक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के प्रसिद्ध समाजसेवी सह भाजपा नेता श्रद्धानंद सिंह, मुख्य वक्ता विहिप के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह सहित बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास, विहिप के जिला मंत्री अरविंद मेहता, बजरंग दल के विभाग संयोजक प्रशांत सिंह, बजरंग दल के जिला संयोजक जय सोनी, विहिप के रवि पांडेय, भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभा में मंच संचालन विहिप के जिला मंत्री अरविंद मेहता ने किया। स्वागत भाषण देते हुए बजरंग दल के विभाग संयोजक प्रशांत सिंह ने शौर्य यात्रा की रूपरेखा रखते हुए सभी से शांतिपूर्ण तरीके से इसे सफल बनाने की अपील की। बतौर मुख्य अतिथि श्रद्धानंद सिंह ने श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी भारतीयों को इसे आत्मसात कर राष्ट्र और धर्म के कार्यों में अपनी महती भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया। देवी सिंह ने 500 वर्षों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की गाथा को विस्तार से रखा और दृढ़ता से कहा कि सनातनी आस्था को रोकने के प्रयास कभी सफल नहीं हुए हैं और न ही यह आस्था कभी झुकी है। सभा के पश्चात बड़ा अखाड़ा से गाजे-बाजे और धर्म ध्वजा के साथ शौर्य यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा की अगुवाई एक सफेद घोड़े की रथ पर विराजमान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य और आदमकद प्रतिमा की सवारी कर रही थी। रामभक्तों का जत्था बड़ा अखाड़ा से निकलकर शहर के कुआं चौक, झंडा चौक, पैगोडो चौक, गुरु गोविंद सिंह रोड़, अन्नदा चौक पहुंचा और फिर छठ तालाब चौक होते हुए मेन रोड से पुनः बड़ा अखाड़ा पहुंचकर यात्रा का विधिवत समापन किया। शौर्य यात्रा के आयोजन के दौरान हजारीबाग पुलिस-प्रशासन भी बड़ी संख्या में मौजूद रही और सुरक्षा का चाक-चौबंद इंतजाम किया गया था।

## कूच बिहार अंडर - 19 खेलने हजारीबाग पहुंची झारखंड और केरल की टीम



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में क्रिकेट का उत्साह चरम पर है। कूच बिहार अंडर-19 टूर्नामेंट के तहत झारखंड और केरल के बीच होने वाला चार दिवसीय मुकाबला 8 दिसंबर से संजय सिंह स्टेडियम में खेला जायेगा। मैच को लेकर दोनों टीमों के हजारीबाग पहुंचने के साथ शहर में खेल का माहौल और उत्साह और प्रखर हो उठा है। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे केरल की टीम आरण्य विहार होटल पहुंची, जहां होटल प्रबंधन और एचडीसीए द्वारा खिलाड़ियों का फूल-मालाओं और तिलक के साथ पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। केरल के खिलाड़ियों और कोच और अन्य स्टाफ के चेहरों पर लंबे सफर के बाद भी जोश और नई ऊर्जा साफ झलक रही थी। वहीं झारखंड की टीम शनिवार देर शाम हजारीबाग पहुंची। टीम का स्वागत भी पूरे सम्मान और उत्साह के साथ किया गया। स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में अपने चहेते खिलाड़ियों को करीब से देखने को रोमांच देखने लायक था। रविवार को दोनों टीमों का नेट प्रैक्टिस सत्र आयोजित होगा, ताकि खिलाड़ी सोमवार से शुरू होने वाले मुकाबले से पूर्व कंडीशन के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। मैच का विधिवत शुभारंभ 8 दिसंबर को होगा और 11 दिसंबर तक चार दिनों में रोमांचक खेल देखने को मिलेगा। हजारीबाग सांसद सह एचडीसीए के अध्यक्ष मनीष जायसवाल पूरे आयोजन पर विशेष नजर बनाए हुए हैं। संसद सत्र के कारण दिल्ली में व्यस्त होने के बावजूद वे लगातार फोन और वर्चुअल माध्यम से आयोजन से जुड़ी हर गतिविधि की जानकारी ले रहे हैं और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश देते जा रहे हैं। एचडीसीए के सचिव बंटी तिवारी ने बताया कि खिलाड़ियों के ठहराव, भोजन, सुरक्षा, ग्राउंड तैयारी और प्रैक्टिस की पूरी व्यवस्था एचडीसीए द्वारा सर्वोच्च स्तर पर सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में इतने बड़े स्तर पर आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों और खेल संस्कृति को नई दिशा देगा। संजय सिंह स्टेडियम को पूर्णतः मैच-रेडी बना दिया गया है। मैदान, पिच, आउटफील्ड और दर्शक दीर्घाओं की व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी हैं। मैच के दौरान हजारीबाग के क्रिकेट प्रेमियों के लिए प्रवेश और बैठने की समुचित व्यवस्था भी की गयी है।

## अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया, कांग्रेस ने की कार्रवाई की मांग



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि से ठीक पहले उनकी आदमकद प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना को गंभीर बताते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने तिलैया थाना प्रभारी को आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। श्री रजक ने कहा कि इस तरह की हरकतें न सिर्फ समाज को बांटने का काम करती हैं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर भी हमला हैं। उन्होंने कहा ऐसी मानसिकता रखने वाले लोग लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कर रहे हैं। कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। कांग्रेस ने प्रशासन से जल्द जांच कर दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की है।

## विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदर्श +2 उच्च विद्यालय मधवाटांड परिसर में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयनगर के अंचलाधिकारी सारांश जैन, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक चौहान किशोर मंडल, मुखिया गणपत यादव, समाजसेवी अरुण कुमार राणा मुख्य रूप से शामिल थे। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संसाधन, ऊर्जा, आधुनिक विज्ञान और दैनिक जीवन से जुड़े विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। पूरे आयोजन में विज्ञान संकाय के शिक्षक सनोज कुमार, बिट्टू कुमार, नीलम प्रभा, खुशबू कुमारी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी सारांश जैन ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी छात्रों में नवाचार, तार्किक सोच और भविष्य के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि आदर्श +2 उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के शैक्षणिक और रचनात्मक कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम उत्साह और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ और अतिथियों ने विद्यालय परिवार के इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्य रविन्द्र कुमार रवि, अर्जुन चन्द्र यादव, प्रशासक दीपक कुमार, वरिष्ठ शिक्षक गोपाल कुमार यादव, महेन्द्र कुमार पांडेय, फुलगंगी चंद्र यादव, नरेश सिंह, सीताराम यादव, शमशेर आलम, शाहिद हुसैन, रंजीत कुमार यादव, रिंकी देवी, सुनीता कुमारी, पंकज साव, इस्तियाक अंसारी, सुनील कुमार यादव आदि शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी गण मौजूद थे।

## बीडीओ ने अपने निजी खर्च से किया पुस्तक वितरण



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चलकुशा में बीडीओ अमृता सिंह अपने निजी खर्चे से छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक वितरण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप जीप सदस्य सविता सिंह प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी पंचायत समिति प्रतिनिधि उमेश साव उपस्थित होकर पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक का वितरण किया। बीडीओ कहा की प्रखंड के और स्कूलों में किताब का वितरण किया जायेगा। ओर प्रखंड के सभी पंचायतों में पुस्तकालय खोलने का लक्ष्य है। सविता सिंह ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है बच्चों को पुस्तक मिलने से पढ़ाई करने में सहूलियत मिलेगी। मौके पर मदन कुमार, मो० सुभानी, प्रमोद पांडेय, मुन्ना पांडेय, संजय पंडित और अन्य लोग उपस्थित थे।

## केटीपीएस रिंग रोड की हालत जर्जर, बढ़ी परेशानी

**लोगों ने की सड़क निर्माण की मांग**

बिनोद



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** डीवीसी केटीपीएस द्वारा विस्थापित प्रभावित गांवों की सुविधा के लिए कोडरमा थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के समय रिंग रोड का निर्माण कराया गया था। मगर आज वह सड़क जर्जर अवस्था में पहुंच गयी है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। मुख्य द्वार से चरकी पहरी होते हुए कोसमाडीह, घंघरी और मुख्य मार्ग के दूसरी तरफ कांटा घर से ऐश पौंड होते हुए घंघरी तक जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो गयी है। इस सड़क में चरकीपहरी की ओर से जाने पर दर्जनों गड्ढे हैं जिसके कारण दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन करने में भारी परेशानी होती है तो दूसरी तरफ कांटा घर रोड में ऐश पौंड का गिरा डस्ट फैला रहता है। इस राह पर चलने वाले राहगीरों का वाहन के साथ कपड़े भी गंदे हो जाते हैं। दोनों तरफ से इस राह पर सफर करना मुश्किल हो गया है। विस्थापित परिवार के परमानंद गिरी, दामोदर यादव, बुलाकी यादव, रामदेव यादव, शशि पांडेय, दीपक बर्णवाल, पिंटू कुमार यादव, शिव कुमार यादव, अशोक यादव, राजकुमार साव आदि ने डीवीसी प्रबंधन से रिंग रोड के पुनर्निर्माण की मांग की है।

## समाहरणालय के समक्ष धरना 8 को, सौंपा ज्ञापन

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** आंगनवाड़ी सेविका सहायिका के द्वारा समाहरणालय के समक्ष 8 दिसंबर को एकदिवसीय धरना दिया जायेगा। इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ओम प्रकाश बड़ाईक को शनिवार को ज्ञापन सौंपा गया। बताया गया कि केंद्रीय मांगों को लेकर झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) के द्वारा 8 दिसंबर को समाहरणालय के समक्ष धरना व प्रदर्शन दिया जायेगा। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संचालन जारी रहेगा। प्रदर्शन के उपरांत आंगनबाड़ी यूनियन का एक 10 सदस्य प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मिलकर महिला और बाल विकास मंत्री भारत सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपेगा। आवेदन लीला कुमारी, रीना कुमारी, सोनी कुमारी, सुमित्रा देवी, मीना देवी, ममता कुमारी, अनिता कुमारी, संध्या कुमारी, मीराबाई, पिंकी बिरहोर, अनिता कुमारी आदि के द्वारा दिया गया है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**चलकुशा।** थाना क्षेत्र की महिलाओं ने ठगी का हुई शिकार रेलवे में 'स्वीपर' की नौकरी का झांसा देकर वसूले 15 हजार रूपये से 53 हजार रुपये कर के लगभग 30 से 40 महिलाओं के साथ ठगी किया गया है। महिलाओं ने बताया की नौकरी दिलाने के नाम पर उनको ठगा गया है, महिलाओं का कहना है कि कौशल्या देवी चलकुशा निवासी और पप्पू यादव जिला गया (बिहार) निवासी ने मिलकर महिलाओं को रेलवे में 'झाड़ू-पोछा/स्वीपर' की नौकरी देने का झांसा दिया। जिसका मासिक वेतन 19,000 बताया गया था पीड़ित महिलाओं के अनुसार, कौशल्या देवी ने उनसे रेलवे में नौकरी दिलवाने के नाम पर अलग-अलग रकम वसूली। किसी महिला से 15,000 तो किसी से 53,000 तक लिए गये। यह भी खुलासा हुआ है कि कथित तौर पर नौकरी दिलाने वाली कौशल्या देवी खुद 'जोगाड़ी' (मजदूर/हेल्पर) का काम करती हैं। आरोपों के मुताबिक, कौशल्या देवी और पप्पू यादव ने मिलकर लगभग 30 से 40 महिलाओं से कुल ढाई लाख रुपये की ठगी की है। महिलाओं ने बताया कि पैसे लेने के बाद से ही मुख्य आरोपी पप्पू यादव ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया है। सभी पीड़ित महिलाएं अब न्याय की गुहार लगा रही हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं। यह मामला कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी वायरल हो रही है।

## बड़कागांव में डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव के काली मंदिर के पास अंबेडकर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा के पास बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता रामेश्वर राम ने किया। रविदास महा सभा के प्रखंड अध्यक्ष असेश्वर राम ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को दलित और पिछड़ा में सीमित रखना लोकतंत्र के अपमान के बराबर है। क्योंकि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हर जाति और धर्म के लोगों को हक और अधिकार दिलाया। रविदास महासभा के नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा संविधान लिखा। बाबा साहब आज भी लोकतंत्र के प्रहरी है। क्योंकि उनके द्वारा लिखे गये संविधान से पूरी दुनिया प्रेरणा लेती है। लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव (स्पोर्ट्स एंड कल्चर) अरुण कुमार सोनी ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साधारण मानव नहीं थे बल्कि एक विचार और क्रांति थे। मौके पर मुनेश कुमार राम, रघुनाथ राम, महेश राम, रामवृक्ष राम, रवि राम, राजूराम, नरेंद्र कुमार, संजय कुमार दास, गुड्डू राम, भीखन कुमार राम, रोजगार सेवक, शंभू रविदास, जयप्रकाश राम, धर्मेंद्र राम, सुकेश कुमार, समेत अन्य मौजूद थे।

## हजारीबाग पहुंचा जेएलकेएम का छात्र अधिकार पदयात्रा

**बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और छात्र हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ताओं और छात्रों का गुस्सा सड़कों पर दिखायी दे रहा है। जेएलकेएम के द्वारा गिरिडीह के डुमरी से गुरुवार को छात्र अधिकार पदयात्रा की शुरुआत की गयी जो शनिवार को हजारीबाग पहुंची। सैकड़ों की संख्या में शामिल छात्र और कार्यकर्ता पैदल ही रांची स्थित विधानसभा भवन तक पहुंचेंगे। यह पदयात्रा गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़ होते हुए कुल 180 किलोमीटर की दूरी छह दिनों में तय करेगी। पदयात्रा के दौरान जेएलकेएम नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार विकास कार्यों में पूरी तरह विफल साबित हुई है। सबसे अधिक प्रभावित छात्र-छात्राएं हैं, जिन्हें छात्रवृत्ति की राशि रोककर सरकार ने अन्याय किया है। नेताओं ने खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति को तुरंत लागू करने की मांग रखी। साथ ही जेपीएससी, जेएसएससी, जेटेट सहित सभी लंबित परीक्षाओं के परिणाम जल्द प्रकाशित करने और प्रतिवर्ष नियमित परीक्षा कैलेंडर जारी कर उसका अनुपालन सुनिश्चित करने की भी मांग की है। कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। जेएलकेएम नेता मनोज यादव और केंद्रीय सचिव संजय महतो ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी रिक्त पदों को अविलंब भरने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए, ताकि युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके। पद यात्रा में पार्टी के उपाध्यक्ष सूरज साहू, सरयू साव, बालेश्वर महतो, महेंद्र मंडल, राकेश मेहता समेत बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में मनायी गयी बाबा साहेब की पुण्यतिथि



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुष्यतिथि बी.एम. मेमोरियल स्कूल बड़कागांव में उपनिर्देशक पिंटू कुशवाहा के नेतृत्व में मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता उपप्राचार्या पूनम कुमारी व संचालन शिक्षक आनंद कुमार पासवान व मुकेश कुमार दास ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उनके चित्र पर शिक्षकों व विद्यार्थियों फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ऐसी महान व्यक्ति थे। उपप्राचार्य पूनम कुमारी ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण के लिए इन्द्रोंने सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक नैतिक क्षेत्र में कार्य किये। मौके पर बी.एम.मेमोरियल स्कूल के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, उपप्राचार्य पूनम कुमारी, आनंद राज, महेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश कुमार दास, ऋषभ अग्रवाल, कुलदीप कुमार रंजन, एरिका टोप्पो, गंगा भारती, मनीषा कुमारी, अफसाना परवीन, सावित्री टुडू, अन्नीदिता दास, रेखा कुमारी, शंकर महतो, विकास ठाकुर, सुभाष प्रसाद, आदित्य कुमार, ज्योति कुमारी, नीलम बेदिया, अभिषेक कश्यप सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने कंबल का किया वितरण



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बारियातू कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने अपनी सीएसआर पहल के तहत बिरहोर कॉलोनी में 100 कंबलों का वितरण किया ताकि समुदाय को ठंड के मौसम में राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रबंधन ने कहा कि स्थानीय जनता का सहयोग और कल्याण उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। पिछले वर्ष भी परियोजना ने चट्टी बारियातू, पागर, जोरदाग और पेटो के ग्रामीणों को 3500 कंबल और बिरहोर समुदाय को 100 कंबल प्रदान किये थे जिससे हजारों लोगों को ठंड से सुरक्षा मिली। इस वर्ष की पहल के साथ परियोजना ने सामाजिक उत्तरदायित्व और संवेदनशील समुदायों के उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। स्थानीय निवासियों ने इस सहयोग के लिए परियोजना टीम का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसी पहलें लगातार जारी रहेंगी।

## सेवा का अधिकार सप्ताह को लेकर बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में शनिवार को सेवा का अधिकार सप्ताह के अंतर्गत लगे शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं और आय, जाति और आवासीय प्रमाणपत्र सहित झारखंड राज्य सेवा गारंटी अधिनियम 2011 से जुड़ी सेवाओं से संबंधित आवेदनों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसके साथ ही दाखिल-खारिज वादों, नया राशन कार्ड, भूमि की नापी, मृत्यु प्रमाण पत्र, और विधवा, वृद्ध, विकलांग पेंशन सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं से जुड़े आवेदनों के निष्पादन की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन द्वारा आवेदनों के निष्पादन की नियमित जांच की जायेगी। बैठक में अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश बैठा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएवी में पपेट शो और क्रिकेट मैच का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, कोडरमा में शनिवार को पपेट शो और अंतर्सदनीय फाइनल क्रिकेट मैच का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी रचनात्मक क्षमता और खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पपेट शो में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सामाजिक और नैतिक विषयों पर आधारित आकर्षक कठपुतली प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसी क्रम में आयोजित अंतर्सदनीय फाइनल क्रिकेट मैच में दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और कौशल का परिचय देते हुए रोमांचक मुकाबला प्रस्तुत किया। पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास, उत्साह और खेल प्रेम का वातावरण व्याप्त रहा। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने छात्रों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भीम आर्मी ने बच्चों के बीच बांटे सामान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर के 70वें महा परिनिर्वाण दिवस पर भीम आर्मी कोडरमा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। बाबा साहब के सपना शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो के रास्ते पर चलते हुए बच्चों के बीच कॉपी, पेन, पेंसिल, चॉकलेट, बिस्कुट आदि सामान बांटा गया और बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में राजेश कुमार रजक, कृष्णा चौधरी, प्रेम कुमार, रवि पासवान, दीपक पासवान, मन्नू विश्वकर्मा, रवि शंकर राम, रोशन राम, कृष्णा पासवान, संजय दास, रंजीत पासवान आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बच्चा घायल, रेफर

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बासोडीह मरचोई मोड़ के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को परिजनों और राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। उसकी पहचान दीपक कुमार (पिता पिंटू पंडित, ग्राम टेहरो) के रूप में की गयी है। डॉक्टर के द्वारा उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर कर दिया गया। बच्चा सड़क के किनारे खड़ा था तभी खूंटा की ओर से आ रहे ट्रैक्टर बीआर 27जीए 7291 ने बच्चे को अपने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रत्येक दिन ईंट लदा ट्रैक्टर बिहार की ओर से बगैर रोक-टोक दर्जनों ट्रैक्टर तेज रफ्तार में परिवहन करते हैं। इस वजह से लगातार दुर्घटना हो रही है।

## बाल विद्या मंदिर में मनी डॉ आंबेडकर की पुण्यतिथि



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा कोलियरी में शनिवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि भारत के संविधान निमार्ता, सामाजिक न्याय के प्रबल योद्धा और समता के महामंत्र दाता डॉ भीमराव आंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक क्रांति का नाम है। जिसने भारत के सामाजिक, संरचना को भीतर से झकझोरा। वे अर्थशास्त्र, कानून, राजनीति, मानवाधिकार, हर क्षेत्र के माहिर योद्धा थे। मौके पर रांची के आए समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, प्रियांशु रंजन, जितेंद्र अंबष्ट, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रति महतो, शिक्षक कामेश्वर प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, भागीरथ प्रसाद, कोलेश्वर महतो, अशोक करमाली, सुनीता कुमारी, पुष्पिता कुमारी, रीता कुमारी, सबिता कुमारी, बबीता कुमारी, सोनी गुप्ता, खुशबू कुमारी समेत विद्यार्थी शामिल रहे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाने जाते हैं : गणेश राम



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी शनिचरा बाजार स्थित शनिवार को एससी/ एसटी/ओबीसी एम्पलाइ काउंसिल के द्वारा काउंसिल के उरीमारी शाखा सचिव गणेश राम की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का 69वां पुन्य तिथि मनाया गया। सर्वप्रथम काउंसिल के बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय प्रसाद, सचिव कृष्णा सोरेन, उरीमारी परियोजना शाखा अध्यक्ष रैना मांझी, अतिथि राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, पंसस गीता देवी, उप मुखिया सतीश कुमार, महादेव बेसरा, विश्वनाथ मांझी, सीताराम किस्कू, नरेश करमाली ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उरीमारी, पोटंगा और गरसुला पंचायत के जरुरत मंदों के बीच 120 कंबल का वितरण किया गया। वहीं गणेश राम ने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब का पुन्य तिथि महापरिनिर्वाण के रूप में हर साल मनाया जाता है। इस लिए उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीत करमाली, आशीष राम, शैलेश कुमार सिंह, विनय चौहान, मो सज्जाद, मनोज हेंब्रम, विक्की पवरिया का योगदान रहा। जिन्हें कंबल मिला गणेश करमाली, लालदेव करमाली, फरसू करमाली, भीखू मांझी, मताड़ मांझी, विजय करमाली, अयुब मस्ताना, सीता देवी, चांद देवी, छोटकी देवी, सालो देवी, बरनी देवी, पारो देवी, मुनेजा खातुन, रहीसा खातुन, अनिशा खारुन, साबीदा खातुन, मरियम खातुन सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## पीटीपीएस में बाबा साहब की पुण्यतिथि मनी



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस पतरातू के डॉक्टर अंबेडकर पार्क में बाबा साहब के पुण्यतिथि पर पीटीपीएस अंबेडकर समिति द्वारा बाबा साहब के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। इस मौके पर समिति के सचिव राज कुमार पासवान ने कहा की बाबा साहब ने जीवन भर ऐसे समाज की वकालत की जहां सभी के साथ समानता और सभी लोगों के कल्याण के लिए उनके संघर्ष को याद दिलाता है। मौके पर कांग्रेस नेता बारीक पवन कुमार, गोविंद लोहारा, शाहबाज रजाक, राजिक अंसारी, सोहरावोब रजाक, मोनी कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत दो गंभीर

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बासल थाना क्षेत्र के लबगा गांव क्षेत्र में शुक्रवार की रात बाइक के अनियंत्रित होने से एक युवक की मौत हो गयी वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गये। इस संबंध में जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू के चिकित्सा और कर्मियों ने बताया कि एक ही बाइक में सवार पतरातू थाना क्षेत्र के बटुका गांव आए हुए थे। जहां से वे वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उनका बाइक और नियंत्रित हो गया और वह गिर पड़े। इस हादसे में ओरमांझी निवासी सुभाष कुमार की मौत हो गयी। जबकि बटुका निवासी कुणाल सिंह और जराद गांव निवासी सुजीत खरवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू लाया गया। जहां पर डॉ अरविंद कुमार ने सुभाष कुमार को मृत्यु घोषित कर दिया। दूसरी और गंभीर रूप से घायल कुणाल कुमार और सुजीत कुमार खरवार को सदर अस्पताल रामगढ़ भेज रेफर कर दिया गया।

## कृषक को सशक्त बनाना सरकार का उद्देश्य : सुधीर



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र में कृषि को सशक्त और प्रगतिशील बनाने की दिशा में दुलमी एग्रीटेक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा आज एक महत्वपूर्ण पहल की गयी। कंपनी के सौजन्य से किसानों के बीच नि:शुल्क सरसों बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश शामिल हुए। उन्होंने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराते हुए सरसों की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मंगलेश कहा कि खेती–किसानी हमारे क्षेत्र की जीवनरेखा है खेती बारी किसानों का मूल आधार है राज्य सरकार का उदेश्य किसानों को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होने से उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीक आधारित खेती, जैविक खेती को बढ़ावा देने और कृषि योजनाओं की जानकारी लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी कंपनी और प्रखंड स्तरीय टीम किसानों के बीच विभिन्न कृषि सहायता कार्यक्रम चलाती रहेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की, किसानों ने कहा कि समय पर बीज उपलब्ध होने से वे रबी फसल की बेहतर तैयारी कर सकेंगे। कई किसानों ने बताया कि ऐसी पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है और कृषि उत्पादन में सकारात्मक प्रभाव डालती है। मौके पर सीइओ राजकुमार महतो और सैकड़ों किसान मौजूद थे।

### राजस्व और वन-भूमि संबंधी प्रकरणों की हुई समीक्षा बैठक

# सीएनटी और 4 एच की जमीन को लेकर अधिकारी करें कार्रवाई: आयुक्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने सीएनटी और 4 एच की जमीन को लेकर विस्तृत समीक्षा की। जिला समाहरणालय के सभागार में शनिवार को उन्होंने अधिकारियों को अवैध जमाबंदी और गलत तरीके से हुए जमीन हस्तांतरण पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

राजस्व अभिलेख, भूमिधारण, किरायेदारी अधिकार और वन क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों पर केंद्रित एक उच्चस्तरीय कार्यशाला में आयुक्त पवन कुमार शामिल हुए थे। यह कार्यशाला भू-राजस्व और भूमि सुधार से संबंधित विभिन्न अधिनियमों के तहत लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गयी।

**कई अधिनियम पर कार्यशाला में हुई चर्चा :** कार्यशाला के दौरान कई अधिनियमों और उनकी महत्वपूर्ण धाराओं पर विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। बिहार टेनांट्स होल्डिंग एक्ट की धारा 14, 15, 16 और 18 से संबंधित मामलों पर चर्चा हुई। इस दौरान किरायेदारी अभिलेखों के अद्यतन, धारणाधिकार की पुष्टि, रिकॉर्ड के अनुरक्षण, त्रुटि-सुधार तथा राजस्व अभिलेखों में आवश्यक संशोधनों की प्रगति की समीक्षा की गयी।

### सीएनटी एक्ट का कड़ाई से हो पालन

इस दौरान सीएनटी एक्ट की धारा 46 और 49 से जुड़े भूमिहस्तांतरण प्रतिबंध, अवैध रूपांतरण, पुश्तैनी भूमि संरक्षण और परंपरागत अधिकारों के संरक्षण से संबंधित मामलों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गयी। आयुक्त ने इन प्रावधानों के कड़ाई से अनुपालन का निर्देश दिया। बीएलआर एक्ट की धारा 4(एच) के तहत अवैध कब्जा, अनधिकार, जमाबंदी रद्दीकरण और भूमि पुनर्वितरण से जुड़े लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गयी। फॉरेस्ट एक्ट और खास महल अधिनियम के तहत वन-भूमि विवाद, अतिक्रमण, सीमांकन, विभागीय समन्वय और केस-हिस्ट्री संबंधी बिंदुओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

### पारदर्शी तरीके से करें भू-राजस्व और भूमि सुधार का काम

कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयुक्त पवन कुमार ने कहा कि राजस्व और वन-भूमि से जुड़े सभी प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशीलतापूर्वक निष्पादन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि भूमि अभिलेखों का नियमित अद्यतन न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ाता है, बल्कि आम नागरिकों को होने वाली समस्याओं को भी कम करता है। विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विवादों का शीघ्र समाधान करना अत्यंत आवश्यक है।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में डीएफओ नीतीश कुमार, डीडीसी आशीष अग्रवाल, एसी कुमारी गीतांजलि, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, भू अर्जन पदाधिकारी बीजेंद्र कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा सिंह, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिंदल स्टील पतरातू को मिला प्लेटिनम अवॉर्ड

**सुरक्षा मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय सम्मान**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** जिंदल स्टील पतरातू ने एक बार फिर सुरक्षा और गुणवत्ता के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। कंपनी को 10वें एपेक्स इंडिया ऑक्युपेशनल हेल्थ एंड सेफ्टी अवार्ड्स 2025 में स्टील सेक्टर के लिए प्लेटिनम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान संयंत्र के कार्यस्थल सुरक्षा, पर्यावरण प्रबंधन और उत्कृष्ट ईएचएस मानकों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड को भारत सरकार के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक डॉ. एस.के. त्यागी और मेवाड़ वंश की राजकुमारी जान्हवी कुमारी मेवाड़ ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। जिंदल स्टील पतरातू को यह सम्मान बेहतर सुरक्षा प्रबंधन, सख्त अनुपालन, कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण, उन्नत सुरक्षा प्रथाओं के कार्यान्वयन और कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना लक्ष्य की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों के लिए दिया गया। संस्थान के प्लांट प्रमुख कृष्ण बल्लभ सिंह ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान हमारे उस विजन का परिणाम है जिसमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। हम आगे भी उच्चतम सुरक्षा मानकों को अपनाते हुए कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस उपलब्धि के साथ जिंदल स्टील पतरातू ने स्टील उद्योग में सुरक्षा उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका को और भी सुदृढ़ किया है।

## हंटरगंज से बाइक की हुई चोरी

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** चोरों ने हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य गेट के समीप खड़ी बाइक की चोरी कर ली। बाइक मालिक लछोई गांव निवासी गौतम दास ने हंटरगंज थाने में लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगायी है। आवेदन में उल्लेख है कि वह किसी काम को लेकर बीडीओ से मिलने शनिवार के दोपहर प्रखंड कार्यालय आया था। वह अपनी बाइक को प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के समीप खड़ी कर कार्यालय के अंदर चला गया। गौतम जब कार्यालय से बाहर निकला तो बाइक गायब पाया। आसपास खोजबीन करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो शाम को हंटरगंज थाना में आवेदन दिया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# प्रबंधन से मिली स्वीकृति, 821 लोगों को मिलेगा रोजगार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**टंडवा।** विस्थापित पांच गांव में युवाओं की रोजी रोजगार के सवाल पर आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के गोसाई स्थान में पांच गांव के विस्थापित रैयत ग्रामीण सीसीएल प्रबंधन और आउट सोर्सिंग कंपनी एनसीसी कंपनी के बीच सफल त्रि-पक्षीय वार्ता वार्ता शनिवार को संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता परियोजना जीएम अमरेश कुमार सिंह ने किया। इस वार्ता में विभिन्न प्रस्तावों को पुनःसभा में रैयत ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं और रोजगार नौकरी सत्यापन, सड़क शिक्षा, कांटा घर की निर्माण, विस्थापितों को प्राथमिकता के आधार पर ठेका और मशीनी टूल्स लगाने, मनवा टोंगरी में 6 बाहरी लोग नौकरी कर रहे है, की मांग को मुखर होकर जनहित में रखे। इसमें सीसीएल प्रक्षेत्र सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास सिंह, बिरजू भुईयां, धीरेन्द्र प्रजापति, विजय साहू, आदित्य साहू, बद्री साहू, रमेश वर्मा, कुंदन पासवान, आशीष चौधरी, हुलास यादव, प्रवेश दास, ममता देवी, गोविंद साहू, मासोमत बबीता देवी सहित दर्जनों लोग ने सभा का संबोधन किया। सीसीएल के जीएम अमरेश कुमार सिंह ने कहा की पूर्व बैठक में लिए गये निर्णय को रैयतों के हित में नागार्जुन कंपनी द्वारा काम शुरू होते ही 120 नये लोगों के बीच दिया जायेगा, उसके तुरंत बाद 100 लोगों को रोजगार में रखा जायेगा। चूंकि 22 दिसंबर से एमआईपीएल का कार्य बंद हो रहा है। एनसीसी कंपनी को 581 मजदूरों को समायोजित किया जायेगा है। अर्थात कुल नये 220 और महिला वर्ग को 20 लोगों की रोजगार से जोड़ने की बात पर सहमति बनी। खबर लिखें जाने तक वार्ता जारी थे।

### जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन

# खेल अनुशासन और आत्मविश्वास का सबसे मजबूत आधार है : राजीव जायसवाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत सोमवार को सिदो-कान्हू मैदान में जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन शनिवार को किया गया। विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। यह आयोजन सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल थे। जबकि मौके पर मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी संजीव कुमार, रामगढ़ कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, हजारीबाग जिला आर्चरी एसोसिएशन के सचिव मनोज कुमार, और सांसद सेवा केंद्र से रूपम ओझा उपस्थित थे।

खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का आधार है। राजीव जायसवाल ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का आधार है। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन युवाओं को बड़ा मंच देते हैं और प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

### इन्होंने प्रतियोगिता में मारी बाजी

प्रतियोगिता में घाटो की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। जबकि मांडू की टीम उपविजेता रही। इधर खिलाड़ियों के व्यक्तिगत परिणाम में 20 मीटर श्रेणी में प्रथम स्थान प्राचिया कुमारी (ओरमांझी), द्वितीय स्थान सन्नी कुमारी मांडू, तृतीय स्थान साक्षी कुमारी वेस्ट बोकारो सफल हुए। प्रतियोगिता में मांडू, पतरातू, वेस्ट बोकारो, ओरमांझी सहित विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेताओं को अगले चरण की प्रतियोगिताओं हेतु चयनित किया जायेगा।

## विधायक ने ई-पॉश मशीन का किया वितरण



**गोला (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के खाद्य सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता विभाग द्वारा एनएफएसए और जेएसएफएस योजना के तहत शनिवार को प्रखंड सभागार में पीडीएस डीलरों के बीच 4जी ई–पॉश मशीन वितरण का आयोजन किया गया। इसका वितरण विधायक ममता देवी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत ई–पॉश मशीन के संचालन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान करने से हुई। जिसमें डीलरों को मशीन के उपयोग, प्रक्रिया एवं लाभों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। विधायक ने डीलरों को संबोधित करते हुए कहा कि—4जी ई–पॉश मशीनों के उपयोग से राशन वितरण प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी व त्वरित होगी। इससे न केवल डीलरों को सहायता मिलेगी बल्कि ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। प्रभारी एमओ अरबिंद कुमार, अमरलाल महतो, अर्जुन चंद्र पोद्दार, छेदी चंद्र पोद्दार, बजरंग कुमार महथा, दुर्योधन महतो, प्रेमनाथ यादव, मुन्नी कुशवाहा आदि थे।

## 46 बिजली के पोल से रैबिट तार चोरी



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करिलगड़वा गांव में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने एक सुनियोजित तरीके से 46 बिजली के पोल से रैबिट तार काटकर गायब कर दिया। अमौना से करिलगड़वा गांव को जोड़ने वाली बिजली लाइन लगभग सात किलोमीटर के जंगली मार्ग से होकर गुजरती है, और इसी निर्जन रास्ते का लाभ उठाते हुए चोरों ने तार की चोरी कर ले जाने में सफल रहे। करीब एक माह से विद्युतीकरण का काम तेज गति से चल रहा था। ग्रामीणों को पहली बार बिजली मिलने की उम्मीद बनी थी और कार्य लगातार प्रगति पर था। सोलरटिप इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित यह परियोजना गांव के विकास में मील का पत्थर साबित होने वाली थी, लेकिन चोरी की इस घटना ने पूरे प्रयास पर पानी फेर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कंपनी के अधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी गयी है। करिलगड़वा गांव में आजादी के बाद पहली बार बिजली पहुंचने की किरण जली थी। सांसद, विधायक और जिला प्रशासन के प्रयासों से शुरू हुए इस कार्य ने ग्रामीणों को वर्षों बाद विकास की रोशनी दिखायी थी। पोल खड़े हो चुके थे, तार खिंचने लगे थे और गांव में उत्साह का माहौल था। लेकिन चोरी की खबर मिलते ही ग्रामीणों में मायूसी फैल गयी। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग इतनी खुशी में थे कि हमारे घरों में भी रोशनी जलेगी। बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे, गांव में तरक्की आयेगी। लेकिन तार चोरी की खबर ने हमारा उत्साह तोड़ दिया। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से परियोजना को पुनः शुरू कराने और जंगली इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो सके।

## डॉ. अंबेडकर को दी गयी श्रद्धांजलि



**प्रतापपुर (आजाद सिपाही)।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस शनिवार को प्रतापपुर में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अनुयायियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन संघर्षों का याद किया। इस मौके पर प्रतापपुर ब्लॉक गेट के समीप ग्लैमर में लगे बाबा साहब की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व भीम आर्मी प्रदेश प्रवक्ता डॉ योगेश कुमार दास ने की। योगेश कुमार दास ने बताया कि बाबा साहब गरीब दलित साहित्य अन्य समाजों का उत्थान के लिए काम किये हैं। उन्ही की याद आज किया जा रहा है। इस मौके पर वक्ताओं ने डॉक्टर अंबेडकर के सामाजिक योगदान, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों पर भी प्रकाश में रखा। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदू यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष सूर्यदेव यादव, राजद नेता सन्मुख यादव, मंतोष कुमार दास, छोटू कुमार रौशन, मनोज दास, रंजीत कुमार दास सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सड़क हादसे में तीन घायल

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** एनएच 22 चतरा– डोभी मुख्य पथ पर हंटरगंज चेकनाका के समीप शनिवार सुबह सड़क पार कर रहे एक युवक को बाइक चालक ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे बाइक पर सवार दो छात्र भी गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति नाजुक देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान गोसपुर गांव निवासी उमेश यादव के पुत्र प्रदीप कुमार, कपिल रविदास का पुत्र अमर कुमार और शोहाद गांव के राजू सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों छात्र अपने घर गोसपुर से ट्यूशन पढ़ने हंटरगंज आ रहे थे। इसी दौरान सड़क पार कर रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया।

## मां शीतला देवी मंदिर में भंडारा का आयोजन

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद लायंस क्लब ने फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 250 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। बताया गया कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता है। समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव लायन अखिलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन निर्मल अग्रवाल, जिला चेयरपर्सन लायन विजयंत कुमार, लायन रेखा वर्णवाल, लायन माला शर्मा, लायन विजय वर्णवाल, लायन अंजू देवी, लायन रेखा मंजुल, लायन डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन दीनबंधु सिंह, भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, रमेश अग्रवाल आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।


## शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या - 3328, दिनांक : - 04.12.2025 के अनुसार मैं, केसिया देवी (Kesiya Devi), पति - देवकी महतो, उम्र लगभग 50 वर्ष, निवास स्थान ग्राम - कांडतरी, पोस्ट - सांढ, थाना - बड़कागाँव, जिला - हजारीबाग, झारखण्ड की निवासी हूँ। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि :-

1. यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 7119 4367 9190 में मेरा नाम खेमनी देवी (Khemani Devi) अंकित है।
2. यह कि मेरे मतदाता पहचान पत्र संख्या BR/48/266/273387 में मेरा नाम केसिया देवी (Kesiya Devi) अंकित है।
3. यह कि खेमनी देवी (Khemani Devi) एवं केसिया देवी (Kesiya Devi) दोनों एक ही महिला का नाम है, जो मैं स्वंय हूँ।
4. यह कि उपरोक्त आधार कार्ड में मेरा नाम सुधार कर मेरे उक्त मतदाता पहचान पत्र के अनुसार केसिया देवी (Kesiya Devi) अंकित कर दिया जाय, जिसके वास्ते मैं यह शपथ-पत्र दे रही हूँ।
5. यह कि मैं घोषणा करती हूँ कि भविष्य में मैं केसिया देवी (Kesiya Devi) के नाम से ही जानी जाऊँगी।
6. यह कि मेरे उपरोक्त नामों पर भविष्य में कोई प्रश्न होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेवारी मेरी होगी।

# राष्ट्रीय हित सर्वोपरि

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिनकी यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच बनी सहमति द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के साथ-साथ पश्चिम के लिए भी संदेश है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि उसकी विदेश नीति राष्ट्रीय हितों और अपने लोगों की जरूरत के हिसाब से तय होती है। आगे भी यही स्वतंत्र नीति जारी रहेगी।

**दबाव नहीं :** यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन की इस पहली भारत यात्रा पर पूरी दुनिया की नजरें थीं। अमेरिका-यूरोप यूक्रेन युद्ध रुकवाने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं, जबकि यही ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने से पहले इसे भड़का रहे थे। वहीं, भारत हमेशा से कहता रहा है कि शांति होनी चाहिए। शुक्रवार को हुए संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत ने यूक्रेन युद्ध खत्म करवाने में भूमिका निभाने की बात कही। मगर यह भी कहा कि वह किसी तरह के दबाव को नहीं मानेगा।

**व्यापार पर फोकस :** पुतिन और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। 2024-25 में दोनों के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था, लेकिन इसमें एक बड़ा हिस्सा रूस से खरीदे गये कच्चे तेल का था।

**पुतिन और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। 2024-25 में दोनों के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था, लेकिन इसमें एक बड़ा हिस्सा रूस से खरीदे गये कच्चे तेल का था।**

**अमेरिका पर प्रेशर:** द्विपक्षीय व्यापार में पलड़ा अभी मॉस्को की तरफ झुका हुआ है और भारत के पास मौका है कि वह इसमें संतुलन लाए। यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होने से व्यापार में सहूलियत होगी। फिलहाल इस पर बात चल रही है। भारत-रूस के बीच इस सहमति से अमेरिका पर भी दबाव बनेगा, जिसकी एक टीम ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत करने के लिए अगले हफ्ते भारत आने वाली है।

**तेल खरीद :** पुतिन ने कहा है कि वह भारत को तेल की आपूर्ति करना जारी रखेंगे। यह बात बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका को सबसे ज्यादा दिक्कत भारत की रूसी तेल खरीद से ही है। लेकिन, जो देश अपनी जरूरत का 85% क्रूड ऑयल बाहर से खरीदता हो, उसके लिए दाम में थोड़ी भी भी कमी बड़ा अंतर लाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रूस से तेल आयात बढ़ाने पर पहले दो साल में भारत को करीब 13 अरब डॉलर का फायदा हुआ था।

**रक्षा संबंध :** इस दौरे से भारत-रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग और बढ़ सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसके बाद भारत इसकी और यूनिटें खरीदना चाहता है। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, पुतिनका यह दौरा दोनों देशों के संबंधों को नये दौर में ले जायेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**चुनाव आयोग एसआइआर के दूसरे चरण में 12 राज्यों के 321 जिलों में 1,843 विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 51 करोड़ मतदाताओं की समीक्षा कर रहा है। 3 दिसंबर तक 99% इसके लिए फॉर्म वितरित और 93% से अधिक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आयोग अबतक 4,700 से अधिक सर्वदलीय बैठकों का आयोजन कर चुका है, जिसमें 28,000 राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंतिम मतदाता सूची 16 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी। जिन लोगों के नाम सूची से हटेंगे, उन्हें एक माह तक दावाझआपत्ति का पूरा अवसर मिलेगा।**


# ‘लोक’ ने नकारा, तो विपक्ष ने ‘तंत्र’ को फटकारा



बलबीर पुंज

भारत का लोकतंत्र विश्व की सबसे विशाल जन-इच्छा का प्रतिबिंब है। यहां चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक पवित्र राष्ट्रीय संस्कार है– जहां एक-एक मत स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था की धड़कन है। इसलिए मतदाता सूची की शुद्धता केवल भारतीय निर्वाचन आयोग का प्रशासनिक काम नहीं, बल्कि भारत की संवैधानिक आत्मा की सुरक्षा का भी प्रश्न है। इसी मूल भावना के साथ चुनाव आयोग ने इस वर्ष एक जुलाई से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का व्यापक अभियान आरंभ किया, ताकि कोई अयोग्य व्यक्ति (घुसपैठिया सहित) सूची में शामिल न रहे और कोई पात्र नागरिक छूट न जाये। बिहार के बाद 12 और राज्यों में यह प्रक्रिया जारी है। इससे पहले देश में वर्ष 2002-04 के बीच एसआइआर हुआ था। यह विडंबना है कि जो राजनीतिक दल और उनके शीर्ष नेता संविधान की प्रतियां लहराकर स्वयं को उसका रक्षक साबित करने पर तुले रहे, वही संसद के भीतर और बाहर इस वैधानिक चुनाव-सुधार प्रक्रिया पर अनर्गल प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। देशव्यापी एसआइआर के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में विरोधियों– जिसमें विपक्षी दलों के साथ स्वयंभू संविधान-लोकतंत्र रक्षक भी शामिल है– उनके द्वारा कई याचिकाएं दाखिल की गयी है। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल और कांग्रेसी सांसद अभिषेक मनु सिंघवी आदि मोर्चा संभाले हुए हैं। उनका तर्क है कि एसआईआर एक गैर-जरूरी प्रक्रिया है और चुनाव आयोग के पास इसे कराने का अधिकार नहीं है, जिसे अदालत ने निरस्त कर दिया। इतना ही नहीं, न्यायालय ने 26 नवंबर की सुनवाई में यह भी रेखांकित किया कि बिहार में एसआइआर के दौरान जिन गैर-

**वास्तव में, कांग्रेस नेतृत्व सहित अधिकांश विरोधी अपनी मूल समस्या को देखने और समझने की क्षमता खो चुके हैं।**



पात्र मतदाताओं के नाम हटाये गये, इनमें से किसी एक ने भी कोई आपत्ति दर्ज नहीं करायी।

चुनाव आयोग एसआइआर के दूसरे चरण में 12 राज्यों के 321 जिलों में 1,843 विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 51 करोड़ मतदाताओं की समीक्षा कर रहा है। 3 दिसंबर तक 99% इसके लिए फॉर्म वितरित और 93% से अधिक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आयोग अबतक 4,700 से अधिक सर्वदलीय बैठकों का आयोजन कर चुका है, जिसमें 28,000 राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंतिम मतदाता सूची 16 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी। जिन लोगों के नाम सूची से हटेंगे, उन्हें एक माह तक दावाझआपत्ति का पूरा अवसर मिलेगा। आखिर इतनी पारदर्शी प्रक्रिया से घबराहट कैसी?

वास्तव में, विरोधियों द्वारा पहले ईवीएम पर संदेह जताना, ह्लवोट-चोरीह्व का आरोप मढ़ना और एसआईआर पर सवाल उठाना नाच न जाने आंगन टेढ़ा मुआवरा जैसा है। पिछले वर्ष हरियाणा और महाराष्ट्र और इस वर्ष बिहार के चुनावों में कांग्रेस ने अपनी पराजय का दोष वोट चोरी पर डालने की असफल कोशिश की है। बिहार की 61 सीटों पर लड़कर कांग्रेस ने 8.7% मत पाए और मात्र छह सीटें जीतीं। यह स्मरण रहे वर्ष 2005 में कांग्रेस का मत प्रतिशत 6% पर आ गिरा था। यह स्थिति तब थी, जब देश में उसके नेतृत्व में संप्रग सरकार थी। क्या कांग्रेस बता पायेगी कि तब वोट-चोरी किसने की थी?

सच तो यह है कि बिहार में कांग्रेस का प्रदर्शन पिछले तीन दशकों से लगातार ढलान पर है। वर्ष 1990 के विधानसभा चुनाव में उसे लगभग 24.7% मत मिले थे, जो 1995 में घटकर 16.2%, 2000 में 11%, 2010 में अकेले लड़ते हुए मात्र 8.3%, 2015 में 6.7% और 2020 में 9.48% रह गया। कांग्रेस का यह क्षरण बिहार तक ही सीमित नहीं है। स्वतंत्रता के बाद देश पर कांग्रेस का 50 वर्षों तक प्रत्यक्ष-परोक्ष शासन रहा। इस दौरान कांग्रेस तमिलनाडु (1967), पं. बंगाल (1977), उत्तर प्रदेश (1989), गुजरात (1990), महाराष्ट्र (1995), ओडिशा (2000), गोवा (2012) और दिल्ली (2013) में एक बार सत्ता से बाहर हुई, तो अपने दम पर अब तक लौट नहीं सकी। दिल्ली में 2015, 2020 और 2025 के चुनावों में वह खाता तक नहीं खोल सकी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उसका मतप्रतिशत 2009 में 21% से घटकर 2024 में मात्र 12% रह गया है। क्या इस निरंतर क्षरण या कांग्रेस नेतृत्व के शब्दों में मैच फिक्सिंग और वोट चोरी का दोष भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर मढ़ा जायेगा?

पिछले चार लोकसभा चुनाव स्पष्ट रूप से भारत के बदलते राजनीतिक परिदृश्य को रेखांकित करते हैं। 2009 में भाजपा को 18.8% मत और 116 सीटें मिली थीं। 2014 में वही भाजपा 31% मतों के साथ 282 सीटों पर पहुंच गई, तो कांग्रेस 206 से घटकर 44 सीटों और 28.5% मतों से गिरकर 19.3% पर आ गयी। इन दोनों चुनावों में केंद्र में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार सत्ता में थी। भाजपा के प्रति जनसमर्थन 2019 में और प्रबल हुआ और उसने पहले से अधिक मतों (37.3%) और सीटों (303) के साथ फिर बहुमत प्राप्त किया। 2024 का लोकसभा चुनाव भी भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता-विरोधी लहर, विपक्षी एकजुटता, भारत-विरोधी शक्तियों के प्रपंचों और नकारात्मक प्रचार के बीच लड़ा, जिसमें उसकी सीटें (240) और मत (36.5%)– दोनों घट गये, लेकिन सरकार बनाने में सफल रही।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि केंद्र में मोदी सरकार रहते हुए पिछले 11 वर्षों में कई राज्यों में विपक्षी दलों ने भी चुनाव जीते। इसमें प्रमुख रूप से पश्चिम बंगाल में तृणमूल, तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कर्नाटक-हिमाचल में कांग्रेस, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और केरल में वामपंथी आदि शामिल है। यहां तक, 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आप ने 2015 में 67 और 2020 में 62 सीटें जीतीं, तो 2022 में पंजाब की भी 80% सीटें आप जीतने में सफल रही थी। यदि चुनाव आयोग किसी एक के लिए पक्षपाती होता, तो क्या यह परिणाम संभव होते?

वास्तव में, कांग्रेस नेतृत्व सहित अधिकांश विरोधी अपनी मूल समस्या को देखने और समझने की क्षमता खो चुके हैं। अहंकार और वंशवादी अधिकार-बोध ने इन्हें आत्मविश्लेषण से वंचित कर दिया है। वे कल्पना में जीते हुए वास्तविकता से पूरी तरह कट गए हैं और अपनी हर चुनावी असफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी और चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप मढ़ रहे हैं। एक कटु सच यह भी है कि यदि किसी कारण मतदाताओं का भाजपा से मोहभंग होता भी है, तो वे मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के बजाय अन्य विकल्प खोजते है। वास्तव में, अधिकांश विपक्षी– सपा, राजद, तृणमूल, द्रमुक, राकांपा, आप ने कांग्रेस की ही सियासी जमीन पर सेंधमारी करके अपनी जड़ें जमाई हैं।

सच तो यह है कि जब लोक अर्थात मतदाता बार-बार विपक्ष को नकार देता है, तब एक संगठित राजनीतिक रणनीति के तहत तंत्र–चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को कटघरे में खड़ा किया जाता है। उद्देश्य केवल इतना है कि जनता से कटाव के बीच अपनी गिरती राजनीतिक प्रासंगिकता किसी तरह बची रहे, भले ही इसके लिए देश की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को आघात ही क्यों न पहुंचे।

**(स्तंभकार : ट्रिस्ट विद अयोध्या: डिकॉलोनाइजेशन ऑफ इंडिया और नैरेटिव का मायाजाल पुस्तक के लेखक है।)**

## कोल्हान की खबरें

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में सेवानिवृत्त कर्मियों का विदाई सह सम्मान समारोह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के गोपेश्वर हॉल में मासिक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम में विभिन्न डिवीजनों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी अपने परिवार के सदस्यों संग शामिल हुए। समारोह में यूनियन के वरीय पदाधिकारी बी.के. शर्मा, अजय भगत, एस.एन. सिंह और मनोज सिंह उपस्थित रहे। यूनियन की ओर से सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने अनुभवों एवं भावनाओं को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा व धन्यवाद ज्ञापन एस.एन. सिंह ने की। सम्मानित सेवानिवृत्त कर्मचारी में व्हेकिल फैक्ट्री एच.बी. मुखी, अमिताभ दास गुप्ता, शंभू नाथ मैति, पीपीसी ऑटो ट्रांसपोर्ट से नागेन महतो, ड्राइव लाइन से दिनेश कुमार, मोहम्मद सैयद रजा, फ्रेम फैक्ट्री से कनन श्रीधर, संतोष कुमार सिन्हा, मेडिकल सर्विस के प्रेमदानी नथानिएल और इंजन डिवीजन से मंगल, के. उदय शंकर राव शामिल रहे। कार्यक्रम का माहौल भावनात्मक और सम्मान से परिपूर्ण रहा। यूनियन पदाधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डॉ भीमराव अंबेडकर को दी गयी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर डॉ. अंबेडकर एससी/एसटी/ओबीसी मायनॉरिटी वेलफेयर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने साकची स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के सदस्यों ने महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बाबा साहेब के योगदान को नमन किया। संगठन के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद और मनोज गुप्ता ने कहा डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि आज पूरे देश में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। यह उनका 70वां महापरिनिर्वाण दिवस है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों, शोषितों, वंचितों और पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनके विचार और संघर्ष आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने सामाजिक समरसता और समानता के लिए बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

# इचागढ़ अंचल अधिकारी ने चेकनाका का किया निरीक्षण

**अवैध बालू खनन पर रोक के दिये सख्त निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचागढ़।** अवैध बालू खनन और परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से इचागढ़ अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद ने पातकुम मोड़ तथा ईचागढ़ थाना क्षेत्र के समीप स्थित चेकनाकों का निरीक्षण किया। शनिवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैनात कर्मियों से वाहन जांच में पूर्ण सतर्कता बरतने और सभी अभिलेखों का सही-सही संधारण करने का निर्देश दिये। अंचल अधिकारी ने कहा संदिग्ध वाहनों की विशेष निगरानी की जाये और अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चौकसी में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी जांच कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जरूरत पड़ने पर संबंधित कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल अधिकारियों का यह अभियान क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** जाल्ला स्थित बीआरसी प्रांगण में समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता में पटमदा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीआरपी अवनि महांती, बीपीओ शकुंतला महतो, रिसोर्स शिक्षक बृहस्पति सोरेन और अरबिंद कुईला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, बॉल थ्रो, एप्पल रेस, म्यूजिकल चेयर और चित्रांकन सहित कई रोचक खेल शामिल रहा। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किए।50 मीटर दौड़ (6-11 आयु वर्ग) में राकेश महतो प्रथम, शुभ कर्मकार द्वितीय, हिमानी महतो तृतीय, 100 मीटर दौड़ (11-14) में सुकदेव कर्मकार प्रथम, समर महतो द्वितीय, महेंद्र बेसरा तृतीय,20 मीटर एप्पल दौड़ (6-14) में शंकर दास प्रथम, पंकज महतो द्वितीय, अनूप महतो तृतीय, 30 मीटर एप्पल दौड़ (11-14) में राखाल सिंह प्रथम, पागलू माहली द्वितीय, विनोद हेंब्रम तृतीय, 10 मीटर बॉल थ्रो इन बकेट (6-11) में मनोज कर्मकार प्रथम, पिंकी महतो द्वितीय, पार्वती मल्लिक तृतीय,15 मीटर बॉल थ्रो इन बकेट (11-14) में मंगल सिंह प्रथम, अंजली टुडू द्वितीय, रति टुडू तृतीय, म्यूजिकल चेयर (6-14) में राजबीर महतो प्रथम, प्रदीप महतो द्वितीय, प्रभाती सिंह तृतीय, लॉकेट पर्सन (6-14) में अमृता रजवाड़ प्रथम, लक्ष्मी कुंभकार द्वितीय, साधना सिंह तृतीय विजेता बने। मौके पर अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजन के दौरान बच्चों के उत्साह और ऊर्जा ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। आयोजन को सफल बनाने में बीपीओ श्यामापद गोप, शिक्षक मिहिर कुमार प्रामाणिक, जयदेव बोस, दशरथ महतो, आशालता दास, सोनाली घोष, भजहारी महतो, तापस पाल, बनमाली गोराई और कर्मू गोप का सराहनीय योगदान रहा।

### जेवर चोरी मामले में चार गिरफ्तार

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)।** एमजीएम थाना क्षेत्र के पोखारी गांव में हुई लगभग 15 लाख की जेवर चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। शनिवार को ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया चोरी की घटना 29-30 नवंबर की रात को घटी थी। इस मामले में चोरी करने वाले और चोरी के सामान खरीदने वाले कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में शंकोसाई रोड नंबर 5 का सुंदर कुजूर उर्फ कल्लू (19), एकतानगर का रोहित गोप (20), बोड़ाम थाना क्षेत्र के मिजार्डीह का मनीष राय (25) और उलीडीह डिमना बस्ती का बिक्की सिंह (35) शामिल हैं। उन्होंने बताया घटना की रात घर के सभी सदस्य एक शादी समारोह में गये थे। वापस लौटने पर देखा घर का ताला टूटा था और अंदर के सामान अस्त-व्यस्त पड़े थे। जांच में पता चला चोरी की वारदात को सुंदर कुजूर और रोहित गोप ने अंजाम दिया था। दोनों ने चोरी के जेवर आपस में बांटे और बाद में सुंदर ने चोरी का एक हिस्सा मनीष राय को बेचने के लिए दिया। छापेमारी टीम में पटमदा डीएसपी बचनदेव कुजूर, एमजीएम थाना प्रभारी सचिन कुमार दास, एसआई प्रदीप वर्मा, एएसआई नरेंद्र बिहारी सिंह, आरक्षी फिरोज आलम, राजेश कुमार, सरोज मिश्रा और मोनू कुमार शामिल रहे।

### झामुमो ने की पूर्व मंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल ने राज्य के पूर्व भू-राजस्व मंत्री दुलाल भुइयां के खिलाफ सीतारामडेरा थाना में एक लिखित शिकायत देकर भारतीय दंड संहिता की धारा 352 सहित उचित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। शनिवार को शिकायत पत्र में प्रमोद लाल ने आरोप लगाया बीते 28 नवंबर 2025 की शाम भुइयांडीह दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति अभद्र और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। शिकायतकर्ता के अनुसार इस टिप्पणी से मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व का अपमान हुआ है और इससे कार्यकर्ताओं की भावनाएं भी आहत हुई। प्रमोद लाल ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया पूर्व मंत्री पर उनके क्षेत्र में विभिन्न अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे गंभीर आरोप पहले से लगते रहे हैं। उन्होंने थाना प्रभारी से उक्त टिप्पणियों को राज्य एवं उसके मुखिया का अपमान बताते हुए इनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया। थाना सूत्रों के अनुसार आवेदन प्राप्त कर लिया गया। मामले की प्रारंभिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। सभी दावों और साक्ष्यों की जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उधर घटना के बाद राजनीतिक हलकों में भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गयीहै। हालांकि, पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया फिलहाल सामने नहीं आई। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी अजय रजक, झामुमो जिला कार्यालय सचिव प्रीतम हेंब्रम, झामुमो के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो, झारखंड आंदोलनकारी सपन रॉय, राजन केवर्त, संदीप चक्रवर्ती, प्रकाश चंद्र झा, केपी सिंह, पिंटू लाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चौका में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया

**चौका (आजाद सिपाही)।** सरायकेला–खरसावां जिले के चौका थाना क्षेत्र में पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी सोनू कुमार ने की। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गयी और रोड सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित कराया गया। पुलिस टीम ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। हेलमेट एवं सीट बेल्ट पहनने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट यात्रा कर रहे लोगों को मौके पर समझाया गया। वाहन में लगे काले शीशों की भी जांच हुई और नियम विरुद्ध पाए जाने पर उन्हें हटाने का निर्देश दिया गया। ड्रिंक एंड ड्राइव पर विशेष निगरानी रखी गयी। अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने कहा यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की वे जिम्मेदार नागरिक बनकर नियमों का पालन करें, ड्रिंक एंड ड्राइव से बचें और अपने साथ–साथ दूसरों की जान की भी रक्षा करें। पुलिस प्रशासन ने बताया ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

## विधायक ने सगमा में किया प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं बीपीएचयू भवन निर्माण का शिलान्यास

# सगमा को एनएच-75 से जोड़ना संकल्प है, जिसे जल्द पूरा करूंगा : अनंत प्रताप

**कहा- बीपीएल परिवारों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन दिलाने के लिए मुख्यमंत्री के करूंगा बात**

आजाद सपिाही संवाददाता

**सगमा।** विधायक अनंत प्रताप देव ने सगमा प्रखंड में शनिवार को लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं बीपीएचयू भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि उपकेंद्र के निर्माण से सगमा सहित आसपास के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। अब ग्रामीणों को इलाज के लिए धुरकी या अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की सभी प्रमुख समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कहा कि सगमा को एनएच-75 से जोड़ना उनका संकल्प है जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। बिजली कनेक्शन में लगने वाली राशि को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर बीपीएल परिवारों को निःशुल्क कनेक्शन देने की मांग की जाएगी। उन्होंने पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने नौजवानों का अधिकार छीना है। भवनाथपुर में लगने वाले पावर प्लांट को निरस्त कराकर क्षेत्र के नवाजवानों से छल किया है। कहा कि उनका संकल्प है भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाने का जो पूरा होगा। कहा कि झारखंड में हेमंत है तो हिम्मत है। क्षेत्र की अन्य विकाश योजना धरातल पर दिखेगी। इस दौरान झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहीर अंसारी ने कहा कि सगमा प्रखंड के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। चुनाव के दौरान किए गए वादों को वर्ष 2029 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी। इस दौरान जिप सदस्य अंजू यादव नें संबोधन करते हुए कहा कि बहुत परिश्रम से सगमा प्रखंड में जिला परिषद फंड से प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार की मनमानी के कारण हम जनप्रतिनिधि को सूचना नहीं दिया गया। सरकारी गाइडलाइन की अनदेखी करते हुए प्राथमिक उपचार केंद्र में कार्य शुरू कर दिया गया। उसमें भी घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। अगर ठेकेदारों ने गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं किया तो कार्य नहीं होने देंगे और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई भी किया जाएगा। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख आजाद साह, बीडीओ सतीश भगत, मुक्तेश्वर पांडेय, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष डॉ हरिदास यादव, जयगोपाल यादव, कामता प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, निर्मल पासवान, मुखिया तेजलाल राम, उपमुखिया मंगलेश यादव, बंसत पाल, विजय यादव, राजेश यादव और सत्येंद्र यादव आदि उपस्थित थे।



दो परियोजनाओं का शिलान्यास करते विधायक अनंत प्रताप देव एवं अन्य।

## शिविर में 35 लोगों के दांतों की हुई जांच



**गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के कचहरी रोड स्थित जनता डेंटल क्लिनिक में आयोजित निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर के 21वें दिन भी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार को कुल 35 लोगों के दांतों की जांच की गई। गढ़वा जिला के प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ एमएन खान ने सभी की जांच की। इस दौरान डॉ एमएन खान ने मरीजों को दांतों को सुरक्षित रखने और सही तरीके से साफ करने की जानकारी दी। कहा कि दांत शरीर का अनमोल और महत्वपूर्ण अंग है। यदि इसकी सही देखभाल न की जाए, तो छोटी समस्या भी आगे जाकर बड़ी परेशानी बन सकती है। कहा कि आज भी लोग दांत की समस्या होने पर इलाज करवाने में देर करते हैं। जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है। कहा कि हर व्यक्ति को दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए।**

## सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनायी गयी बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि



**कांडी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) कांडी इकाई की ओर से शनिवार को स्मार्ट क्लासेस कोचिंग परिसर में नगर सह मंत्री आयुष दुबे की अध्यक्षता में संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाई गई। त्रेक्री शुरूआत अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह और कोचिंग संचालक नीरज कुमार सहित छात्र-छात्राओं द्वारा डॉ अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गयी। इपने संबोधन में प्रिंस सिंह ने कहा कि जिस प्रकार विद्यार्थी परिषद् सभी के लिए समान कानून और अखंड भारत के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है, उसी प्रकार बाबा साहब अंबेडकर ने भी राष्ट्र निर्माण में सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की परिकल्पना की थी। इसलिए उनके विचार आज भी प्रेरणादायक हैं। कहा कि बाबा साहब ने भारत को एक मजबूत संविधान दिया और छुआछूत, जातीय भेदभाव एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, अन्य वक्ताओं ने भी वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए बाबा साहब की ओर से किये गये संघर्षों पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर बाबूलाल कुमार, सूर्यकांत कुमार, मुस्कान कुमारी, ब्यूटी कुमारी, खुशी कुमारी, सलोनी कुमारी, दीपक कुमार और रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे बाबा साहेब : रघुराई राम



**मेराल (आजाद सिपाही)।** संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे। उन्होंने संपूर्ण व्यवस्था परिवर्तन कर समता मूलक समाज निर्माण के लिए संघर्ष किया और भारतीय संविधान के माध्यम से समता मूलक समाज व्यवस्था का निर्माण किया। उन्होंने लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही समाज में व्याप्त अंधविश्वास, नशाखोरी आदि को दूर करने का आह्वान किया। उक्त बातें बामसेफ के स्टेट कोऑर्डिनेटर सह एससी एसटी कर्मचारी संघ गढ़वा के अध्यक्ष रघुराई राम ने कही। वे शनिवार को सामाजिक परिवर्तन केंद्र के तत्वावधान में मेराल के गुरु रविदास आश्रम संगवरिया में परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत रघुराई राम ने बाबा साहब की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। इसके बाद लक्ष्मी राम, मनु राम, सुरेंद्र राम, उमाशंकर शंकर राम, कुंदन चंद्रवंशी, चंद्रिका सिंह खरवार, सुवेश्वर राम, अभय कुमार सिंह, निर्मल कुमार आदि ने भी डॉ अंबेडकर को नमन किया।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में जूता-चप्पल व्यवसायी आमंत्रित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एसडीएम संजय कुमार की ओर से प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले संवादात्मक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' के अगले सत्र में इस बार जूता-चप्पल व्यवसाय से जुड़े स्थानीय डीलर्स, उद्यमियों और दुकानदारों को आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम बुधवार को सुबह 11 बजे गढ़वा अनुमंडल सभागार में आयोजित होगा। इस साप्ताहिक जन-संवाद का उद्देश्य स्थानीय बाजारों में व्यापारिक गतिविधियों को समझना, दुकान संचालन से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों को सीधे व्यवसायियों से सुनना, फुटपाथ एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में नागरिक व्यवस्थाओं को सुचारु-सुरक्षित बनाने के लिए साझा समाधान विकसित करना है। एसडीएम ने व्यवसायियों, होलसेलरों एवं ट्रेड प्रतिनिधियों से समय पर आने की अपील की है।

## बाबा साहेब डॉ भीमराम अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



**रंका (आजाद सिपाही)।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित ग्राम कंचनपुर रविदास मुहल्ला के अंबेडकर सामुदायिक भवन में बीडीसी शंकर राम की अध्यक्षता में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपने संबोधन में बीडीसी शंकर राम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश को दुनिया का सबसे अनुठा संविधान दिया, जो समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित है। वहीं, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सत्येन्द्र राम ने कहा कि बाबा साहेब ने महिलाओं को बराबरी का दर्जा देकर उन्हें पुरातन समाज में बद्तर स्थिति से उबारने का महान कार्य किया है। शिक्षक दिलीप कुमार रविदास ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आप भूखे रह कर भी अपने बच्चों को पढ़ाएं। शिक्षक रविंद्र राम ने कहा कि बाबा साहेब के मूल मंत्र शिक्षित बनो संगठित हो संघर्ष करो पर चल कर ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पत्रकार शिव कुमार रवि, ईश्वर कुमार उर्फ पिंटू, छोटे लाल राम, अजय रविदास, विनोद राम, सचिन कुमार, राकेश कुमार रवि, रामबिहारी राम, केदार राम, मुकेश कुमार, परशुराम, जगदीश राम, संतोष कुमार, विक्की कुमार, सिद्धि कुमार, रामनाथ राम और बासुदेव राम आदि उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर महिला का यौन शोषण, गिरफ्तार



**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने कांड संख्या 110/25 के प्राथमिक अभियुक्त खुटिया गांव निवासी नौशाद अंसारी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि नौशाद अंसारी पर शादी का झांसा देकर महिला के साथ यौन शोषण करने का आरोप है। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई की गयी।

## बाबा साहेब के विचार हम सभी के लिए प्रेरणाश्रोत : केके यादव

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज के कार्यालय में शनिवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित पेंशनरों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रवण कुमार, रामाधार प्रसाद यादव, सत्येंद्र सिंह, गोपीचंद प्रसाद, दिनेश कुशवाहा, डॉ अजय सिंह एवं परशुराम मेहता आदि ने बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं, संगठन के अध्यक्ष केके यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को, संविधान के निर्माता, सामाजिक न्याय के योद्धा और दलित वंचितों के मसीहा के रूप में याद करते हैं। उनके विचार जैसे जीवन लंबा नहीं महान होना चाहिए, समानता, शिक्षा और स्वतंत्रता के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाते हैं, जो आज भी हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने एवं समता मूलक समाज बनाने की प्रेरणा देती है। आज संपूर्ण देश भी इनके पुनर्निर्माण तिथि पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी परिपेक्ष में हमने बाबा साहब को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की हैं।**

# विद्यार्थियों को संस्कारित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है : अलखनाथ

## शिक्षा के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं : प्राचार्य

**हूर आरके पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल घोषित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** हूर स्थित आरके पब्लिक स्कूल में शनिवार को एफए-3 परीक्षाफल की घोषणा के साथ ही अभिभावक-शिक्षक बैठक हुई। इसमें विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय के अलावा प्राचार्या नसरीन हक, सभी शिक्षक और अभिभावक आदि मौजूद रहे। विद्यालय की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम काफी संतोषजनक रहा। निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने विद्यार्थियों की मेहनत की प्रशंशा करते हुए कहा कि बच्चे ही हमारे देश की भविष्य है। उन्हें सशक्त संस्कारित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। हमारा विद्यालय निरंतर इस दिशा में प्रयासरत रहा है कि बच्चों को किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और चरित्र निर्माण की दिशा में भी मार्गदर्शन मिले। उन्होंने अभिभावकों को बताया कि आरके पब्लिक स्कूल के विभिन्न शाखा के कई पूर्व छात्र आज देश-विदेश में प्रतिष्ठित नौकरियों में कार्यरत होकर विद्यालययों एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं, प्राचार्या नसरीन हक ने कहा कि आरके पब्लिक स्कूल सिर्फ परीक्षा परिणाम तक सिमित नहीं है, बल्कि यहां शिक्षा को एक संपूर्ण विकास की प्रक्रिया माना जाता है। उन्होंने अभिभावकों से विशेष अनुरोध करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है बच्चों को अनुशासन सिखाये और समय पर विद्यालय भेजे। सब काम समय पर कराना भी अनुशासन ही है। कहा कि हमारे विद्यालय के निदेशक का भी यही मकशद है कि पूरे समाज में शिक्षा के माध्यम से सबकी सहायता करें। वहीं, शिक्षिकों ने अभिभावक से अपील की कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। उन्हें लंच और पानी बोतल जरूर दे। समय पर पढ़ाएं, और अनुशासन सिखायें।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद जयंती पर आरकेवीएस संस्थान में कार्यक्रम आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरकेवीएस संस्थान में संविधान दिवस और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य संविधान के महत्व से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराना एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रेरणादायी जीवन को याद करना था। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के बीच संविधान आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें चार समूहों 'महात्मा गांधी, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू एवं सुभाष चंद्र बोस' में विभाजित किया गया। चारों समूहों की ओर से प्रश्न पूछे गए और उत्तर दिए गए। अंक-तालिका के आधार पर जवाहरलाल नेहरू समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता का विजेता रहा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन एवं प्रश्न पूछने की जिम्मेदारी अध्यापक सतीश तिवारी ने निभाई। इसमें संस्थान के निदेशक एवं शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद हमारे जीवन के महान प्रेरणा स्त्रोत हैं। मौके पर प्राध्यापकगण राजेंद्र चौबे, रितेश कुमार, रंजना दुबे आदि थे।

# डॉ अंबेडकर पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणा स्रोत : रामाशीष प्रसाद

## विभिन्न जगहों पर मना डॉ अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के सिंचाई भवन के समीप अंबेडकर चौक परिसर में शनिवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के लवाही, पचौर, जरही, तसरार और रारो सहित विभिन्न गांव से बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर बारी-बारी से माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं, कई संस्थानों पर समारोह आयोजित कर डॉ भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डंडई के मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने कहा कि छह दिसंबर की रात संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री दुनिया से चले गये थे। बाबा साहब ने भारतीय संविधान में समता, स्वतंत्रता, बंधुता के साथ ही शोषण के विरुद्ध अधिकार दिया। जिससे महिलाओं के साथ ही सभी लोगों को एक साथ सभी क्षेत्रों आगे बढ़ने का मौका दिया। कहा कि डॉ अंबेडकर ने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को समाज की गुलामी की जंजीर को तोड़ा और आज सभी वर्ग की महिलाए सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए एक बराबर का अधिकार दिया। जिससे महिलाएं आज डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस, पीसीएस सहित सभी सर्वोच्च पद पर आसीन हो रही हैं। वहीं, प्रमुख प्रतिनिधि सह झामुमो नेता रामाशीष प्रसाद ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर किसी एक समुदाय या वर्ग के ही नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणा श्रोत हैं। समाजसेवी रामदेव राम ने कहा कि बाबा साहब ने सदैव जाति-पांति से ऊपर उठकर देश हित में कार्य किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक बुराइयों जैसे छुआछूत, जाति-प्रथा के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया। भाजपा नेता मिथिलेश प्रसाद में कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर आजाद भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री थे। उन्होंने भारत में कई भाषाएं, संस्कृति, धर्म एवं विभिन्नताए होने के बाद भी भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया। इसलिए आज उन्हें भारतीय संविधान का जनक कहा जाता हैं। इस दौरान पूर्व विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, अलखनिरंजन प्रसाद, आकाशदीप भारती और दिलवर कुमार ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र कमार और संचालन अक्षय कुमार ने किया। इस मौके पर पूर्व मुखिया यमुना प्रसाद, अजय प्रसाद, नसरूल्लाह अंसारी, भोला राम, संदेश कुमार, सकलदीप राम, संजय कुमार, रामसागर राम, विनोद कुमार और मुंगालाल भारती आदि उपस्थित थे।

# अति-दलित बस्तियों में पहुंची संवेदना की गर्माहट

**- 'आइये खुशियां बांटें' टीम ने सैकड़ों गर्म वस्त्र 400 जरूरतमंदों में बांटे**

**- मुहिम से जुड़ने के लिए 6203263175 पर व्हाट्सएप करें: एसडीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** एसडीएम संजय कुमार की अगुवाई में जन सहभागिता से चल रही मानवीय पहल 'आइये खुशियां बाँटें' अभियान के तहत शनिवार को तीन अलग-अलग महादलित और दलित बस्तियों में पहुंचकर वितरण टीम ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों तक गर्म वस्त्र पहुंचाने का प्रयास किया। अभियान के सातवें दिन चले इस अभियान में लगभग 500 गर्म कपड़े वितरित किये गये, जिस कारण करीब 400 जरूरतमंदों को ठंड से राहत पहुंची। दिन की शुरूआत मझिआंव प्रखंड के खजूरी अंतर्गत स्थित मुसहर टोला से की गई। जहां छोटे बच्चों, किशोरों, महिलाओं और बुजुर्गों तक स्वेटर, जैकेट, टोपी, मोजे आदि दिये गये। इसके बाद टीम मेराल प्रखंड के खोलरा गांव स्थित मुसहर टोला पहुंची, जहां महादलित समुदाय के परिवारों के सभी सदस्यों के बीच गर्म वस्त्र वितरित किया गया। शाम को टीम मेराल प्रखंड के बाना गांव के किनारे स्थित मुसहर टोला पहुंची। यहां न केवल मुसहर परिवारों को, बल्कि आसपास के दलित समुदाय के लगभग 300 से अधिक लोगों को भी गर्म कपड़े दिए गए। इस अवसर पर संजय कुमार ने बताया कि समाज के सहयोग से चल रहा यह अभियान तेजी से प्रभावी रूप ले रहा है। एसडीएम ने कहा कि जो भी स्वैच्छिक लोग इस मुहिम से जुड़ना चाहते हैं वे 6203263175 पर अपनी इच्छा व्हाट्सएप कर जाहिर कर सकते हैं। उन्होंने दोहराया कि इस नंबर पर सिर्फ व्हाट्सएप्प संदेश ही भेजें कॉल ना करें। कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता भी इस मुहिम से जुड़ सकते हैं जो सहयोग के रूप में कपड़े या किसी प्रकार का अनुदान तो नहीं दे सकते हैं, लेकिन यहां से कपड़े उठाकर जरूरतमंदों तक बांटने के लिए अपना श्रमदान और समय दे सकते हैं।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–

WRD/MID/ Latehar F2 - 49/2025-26 (IInd Call)

पत्रांक– 929 लातेहार/दिनांक– 06.12.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | टाना नाला से पक्का बियर आउटलेट और पक्का सिंचाई नाली का निर्माण।प्रखंड–गारू, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 66.235 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 12.12.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 27.12.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.12.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 367918 Minor Irrigation(25-26).D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 50/2025-26 (IInd call)

पत्रांक–930 लातेहार/दिनांक– 06.12.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | घघरी तेवर नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–महुआडाड़, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 32.643 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 12.12.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 27.12.20253.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.12.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 367915 Minor Irrigation(25-26)D

# जेजेएमपी समर्थक समेत दो गिरफ्तार, भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस जब्त

## पुलिस ने साके पहाड़ में छुपायी गयी दो पिस्तौल और 85 जिंदा कारतूस किये बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस को नक्सली संगठन जे.जे.एम.पी. (झारखंड जन मुक्ति परिषद) के समर्थकों के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सेन्हा थाना क्षेत्र से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर जमीन में छुपाए गए दो अवैध पिस्तौल और इंसास रायफल के 82 कारतूस सहित कुल 85 जिंदा कारतूस बरामद किए गये। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी को शनिवार को सूचना मिली थी कि नसीम अंसारी (पे० सराफत अंसारी, सा० हेसवे), जो जेजेएमपी संगठन का समर्थक बताया जाता है, ने अपने पास अवैध हथियार रखे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये। डीएसपी (मुख्यालय) समीर कुमार तिर्की और नव नियुक्त डीएसपी सुधीर प्रसाद साहु के मार्गदर्शन में सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने ग्राम हेसवे में छापामारी कर नसीम अंसारी और उसके सहयोगी श्यामलाल यादव (पे० स्व० छटन यादव, सा० हेसवे) को धर दबोचा।

पुलिस द्वारा सघन पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अवैध हथियार गांव के पास स्थित साके पहाड़ में छुपा रखे हैं। आरोपियों द्वारा बताए गए स्थान पर तलाशी ली गई, जहां से एक प्लास्टिक के डिब्बे में रखे 02 पीस पिस्तौल (7.65 टट), 82 पीस इंसास रायफल के कारतूस (5.56 टट), 03 पीस कारतूस (0.315/8टट) बरामद हुए। ?इस संबंध में सेन्हा थाना में काण्ड संख्या 117/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इन हथियारों का इस्तेमाल किस आपराधिक गतिविधि या नक्सली कार्य में किया जाना था।



### एक माह के भीतर लोहरदगा पूरी तरह उग्रवाद मुक्त होगा: एसपी

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि कमोबेस लोहरदगा जिला अब उग्रवाद की समस्या से लगभग मुक्त हो गया है। माओवादी समेत अन्य नक्सली संगठन के लोग अब मुट्ठीभर बचे हुए हैं। लोहरदगा में बचे हुए माओवादी आत्मसमर्पण कर दें। आत्मसमर्पण नहीं करने पर एक दो माह के भीतर शेष बचे हुए नक्सलियों का सुरक्षा बल सफाया कर देंगे।

# छठ घाट मार्ग पर अतिक्रमण को लेकर बरवाडीह में विवाद गहराया, सीओ ने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के मेन रोड स्थित छठ घाट मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर विवाद गहराता चला जा रहा है। शनिवार को पुरानी बस्ती के लोगों के द्वारा मिली लिखित शिकायत पर बरवाडीह अंचल अधिकारी लवकेश सिंह के नेतृत्व में अंचल अमीन झमन सिंह ने सड़क की नापी की। इस दौरान ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि दीपक तिवारी, समाजसेवी शिवनारायण प्रसाद उर्फ बबलू समेत सैकड़ों की संख्या में पुरानी बस्ती के लोग मौजूद थे। जहां अमीन ने नापी कर लाल निशान लगाया। जिसमें बताया कि पीडब्ल्यूडी सड़क पर भी अतिक्रमण किया गया है, और छज्जा निकाला गया है। आगे का पिलर सड़क की जमीन में है, उसके बाद कुछ फिट छोड़ दें तो पीछे रैयत डॉ.विजय सिंह की जमीन है, जिन्होंने अपनी जमीन का कुछ हिस्सा छोड़कर आरसीसी वाल किया है, और रैयत की भूमि पर भी कब्जा किया गया है। सीओ ने निर्माण कार्य करा रहे लोगों से 48 घंटे के अंदर जमीन की खरीदगी के कागजात दिखाने के निर्देश दिए है, और एक सप्ताह के अंदर चिन्हित निशान से जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए है। इसके बाद किस आधार पर उक्त जमीन की बिक्री हुई यह सवाल खड़ा हो गया है। दूसरी ओर छठ घाट जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण किया गया है। उधर ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद ने बताया कि भूमि रैयत डॉ विजय सिंह को इस मामले की जानकारी है उन्होंने भी निर्माण कार्य करा रहे लोगों पर अंचल के माध्यम से नोटिस जारी करवाने की बात कही है, मामला यह है कि भविष्य में जब रैयत खुद अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करवाएंगे तब उनका फ्रंट किसी अन्य के कब्जे में होगा जो पूरी तरह अनुचित है। ग्राम प्रधान ने कहा कि जहां 8 डिसमिल जमीन है वहां 16 डिसमिल पर कब्जा किया जा रहा है आखिर यह सब किसके इशारे पर हो रहा है। इधर निर्माण कार्य करा रहे लोगों का आरोप है कि पूर्व में अमीन द्वारा ही जमीन की नापी की गई थी। जिसके बाद हमलोग निर्माण कार्य करा रहे है। वहीं अमीन ने इस आरोप को बेबुनियाद बताया है।

## खेल प्रतिभा को निखारने का करता है काम : रूमन बाखला




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के एसपीजी मिशन प्राथमिक विद्यालय झूमर महुआ में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के 132 बच्चों को चार दलों में बांटा गया था। एक पिंक हाउस जिसका नेतृत्व सहायक शिक्षिका श्रीमती ज्योति गिद्धी कर रही थी। दूसरा ब्लू हाउस का नेतृत्व सहायक शिक्षिका रेखा तिर्की कर रही थी। तीसरे पीला हाउस का नेतृत्व सहायक शिक्षिका सत्यवती मिंज ने किया। चौथे ग्रीनहाउस जिसका नेतृत्व सहायक शिक्षिका प्रतिभा खलखो ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों के ड्रिल के साथ आरंभ हुआ। जिसमें इन्होंने अलग-अलग रंगों के द्वारा बनाए गये क्रॉप्स का प्रयोग कर रंगारंग प्रस्तुति की। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे 100 मीटर रेस 200 मीटर रेस 400 एम रेस रिले रेस मार्बल एंड स्पून रेस चॉकलेट रेस सैक रेस मेमोरी टेस्ट इत्यादि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने अपने दलों का प्रदर्शन किया। सभी दलों के बीच कबड्डी मैच भी रखा गया था । जिसमें ग्रीनहाउस ने अपने जीत का पंचम लहराया। चारों दलों में ओवरआल चैंपियनशिप का खिताब ग्रीनहाउस के नाम हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता में अतिथिगण पादरी संजय लकड़ा, ओबेद तिर्की, जयचंद कुजूर, समीर टोप्पो, ऐनओसियन लकड़ा, स्कॉलास्टिका कुल्लू, अनीता तिर्की एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। मौके यर शिक्षिकाएं प्रभारी प्रधानाध्यापिका रूमान कुमारी बाखला ने बच्चों प्रदर्शन की सराहना करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सहायक शिक्षिका सत्यवती मिंस, ज्योति गिद्धी, रेखा तिर्की , प्रतिभा खलखो मौजूद थी।

# जय श्रीराम समिति ने रक्तदान कर बचायी पीड़ित महिला की जान

सदर अस्पताल में इलाजरत कोमल देवी को दिया गया 1 यूनिट ब्लड, समिति ने कहा: सेवा ही हमारा कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए स्वरूप नगर क्षेत्र के सरना टोली निवासी राजू प्रजापति की पत्नी कोमल देवी को तत्काल रक्तदान उपलब्ध कराया। कोमल देवी सदर अस्पताल में इलाजरत हैं, जहाँ डॉक्टरों ने उनमें खून की कमी बताई थी। मरीज के पति राजू प्रजापति ने परेशानी की स्थिति में समिति के कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी से संपर्क किया। अजय सोनी की त्वरित पहल पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने समिति सदस्य बंटी कुमार को बुलाया, जिन्होंने बिना देर किए अस्पताल पहुँचकर पीड़ित मरीज को एक यूनिट ब्लड डोनेट किया और मानवता का परिचय दिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा, मानवता हमारी पहचान है और सेवा ही हमारा कर्म है। गरीबों के दुख-दर्द को दूर करना ही हमारा मूल धर्म है। उन्होंने आगे कहा कि जिन्हें भी रक्त की आवश्यकता हो, वे बेहिचक जय श्रीराम समिति से संपर्क कर सकते हैं। रक्तदाता बंटी कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह जय श्रीराम समिति के आह्वान पर कई बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने संरक्षक अजय सोनी का आभार प्रकट किया, जिनके प्रयास से वह समिति से जुड़ सके।पीड़ित कोमल देवी के पति राजू प्रजापति ने नम आँखों से समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹समिति का यह उपकार हम कभी नहीं भूलेंगे। आज जय श्रीराम समिति नहीं होती तो शायद हमारी पत्नी भी न होती। उन्होंने कहा कि वह भी समिति से जुड़कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे।अजय सोनी ने कहा कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद मिले, ऐसा हम सबका प्रयास होना चाहिए, जबकि संरक्षक राजेश महतो ने समिति की इस पहल को बहुत सराहनीय बताया। इस दौरान कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी, संरक्षक राजेश महतो, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, आकाश वर्मा, राजू प्रजापति समेत समिति के कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## लोहरदगा में 8 से 12 दिसंबर तक रांची विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज क्रिकेट का आयोजन


**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बलदेव साहू महाविद्यालय (बी.एस. कॉलेज), लोहरदगा, दिनांक 8 दिसंबर से 12 दिसंबर 2025 तक रांची विश्वविद्यालय अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता (पुरुष) की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही, 12 दिसंबर को महिला क्रिकेट टीम के लिए सेलेक्शन ट्रायल भी आयोजित किया जायेगा। पुरुष वर्ग की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय के 11 प्रमुख महाविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें पी.पी.के. कॉलेज बुंडू, सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची, जे.एन. कॉलेज धुर्वा, डोरंडा कॉलेज रांची, एस.एस. मेमोरियल कॉलेज रांची, आर.एल.एस.वाई. कॉलेज रांची, बिरसा कॉलेज खूंटी, मारवाड़ी कॉलेज रांची, गॉसनर कॉलेज रांची, के.सी.बी. कॉलेज बेरो और मेजबान बी.एस. कॉलेज लोहरदगा शामिल हैं। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 8 दिसंबर 2025 को रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष-सह-प्रभारी कुलपति प्रोफेसर (डा.) सुदेश कुमार साहू द्वारा किया जाएगा। समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह 12 दिसंबर 2025 को होगा। इसमें रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) डी. के. सिंह एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। ?इस बड़े खेल आयोजन को लेकर महाविद्यालय में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी टीमों और खेल प्रेमियों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## बढ़निया चर्च में संत जेवियर पर्व सह जुबली समारोह संपन्न



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मोरवाई पंचायत अंतर्गत बढ़निया चर्च परिसर में संत जेवियर पर्व सह जुबली समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विशप थियोडोर मास्कारेनस, फादर जॉर्ज, फादर राजेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।समारोह की शुरूआत विशप एवं अन्य अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण के साथ की गई। इसके बाद कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। स्थानीय कलाकारों ने झारखंड की कला-संस्कृति को दशार्ते हुए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा।समारोह को संबोधित करते हुए विशप थियोडोर मास्कारेनस ने कहा कि संत फ्रांसिस जेवियर ने परिश्रम, त्याग और समर्पण के साथ भारत में मिशनरी कार्य को आगे बढ़ाया। वे भारत के लिए प्रेरणा, प्रकाश और विश्वास के अग्रदूत बने। उन्होंने सभी से अपने जीवन में परिश्रम, सेवा-भाव और लक्ष्य के प्रति निष्ठा अपनाने का आह्वान किया।वहीं कार्यक्रम में मौजूद विजय बहादुर सिंह ने कहा कि संत फ्रांसिस जेवियर का जीवन समाज सेवा, त्याग और मानवीय मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने अपने पूरे जीवन को समाज की एकता और जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित किया, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।कार्यक्रम के दौरान अन्य फादरों ने भी प्रेरणादायक संदेश देते हुए लोगों को सेवा एवं समर्पण की भावना से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।मौके पर मरियम टोप्पो, क्लामेट, सुनीता टोप्पो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## चपरी में तीन दिवसीय यात्रा मेला शुरू, अतिथियों ने किया उद्घाटन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत अंतर्गत चपरी में आयोजित वार्षिक तीन दिवसीय यात्रा मेले का शुभारंभ शनिवार को पूजा-अर्चना के बाद किया गया। उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने फीता काटकर किया।उद्घाटन के बाद आयोजन समिति ने मुख्य अतिथियों सहित बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, सब-इंस्पेक्टर अशोक सिंह समेत अन्य आमंत्रितों को माला पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि चपरी का यह मेला क्षेत्र की ह्लविरासतह्व है, जिसकी ख्याति पूरे राज्य में विशेष रूप से गुड़ की मिठाइयों, पत्थर और लोहे से बनी पारंपरिक सामग्रियों के लिए है। उन्होंने बताया कि यह मेला 50 वर्ष से भी अधिक समय से पारंपरिक रूप से आयोजित होता आ रहा है।वहीं यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह ने कहा कि यह मेला स्थानीय व्यापारियों के लिए बड़ा मंच प्रदान करता है। मेले के माध्यम से क्षेत्र की संस्कृति और विशेष उत्पादों को पहचान मिलती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मेले के विकास के लिए सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा।उद्घाटन के बाद अतिथियों ने लगभग आधे किलोमीटर में फैले मेले का भ्रमण किया और स्थानीय मिठाइयों व पकवानों का स्वाद भी लिया।मौके पर मनोज जायसवाल, मोहम्मद शाहिद, अवधेश मेहरा, उप मुखिया राणा प्रताप सिंह, अशोक यादव, आनंदी सिंह, अजीत कुमार सिंह, जयशंकर सिंह, शशि सिंह, रंजन सिंह, शशि पासवान, मिथिलेश सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर फंसी एंबुलेंस, मरीज ने दम तोड़ा

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** एनएच-99 रांची-चतरा मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र के भूषाढ़ नदी के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े सिलेंडर गैस लदे वाहन (यूपी 25 एफटी 6839) का टायर पंचर था। चालक उमाशंकर सहाय (40) टायर खोलकर मरम्मत के लिए दुकान ले जा रहा था, तभी टायर अचानक फट गया। धमाके की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस मौके पर आने के लिए रवाना हुई, लेकिन टोरी रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से बीच रास्ते में ही फँस गई। लगभग आधे घंटे तक घायल चालक को उपचार नहीं मिल पाया। क्रॉसिंग खुलने के बाद एम्बुलेंस पहुंची और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एम्बुलेंस समय पर पहुंच जाती तो उसकी जान बच सकती थी। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रणधीर सिंह के अनुसार प्रारंभिक जांच में टायर फटना ही हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टोरी रेलवे क्रॉसिंग को स्थानीय लोग जानलेवा बताते हैं। एनएच-99 पर पहले भी कई लोग इसी क्रॉसिंग पर फंसकर समय पर इलाज न मिलने के कारण दम तोड़ चुके हैं—चाहे सड़क हादसा हो या हार्ट अटैक। आज भी गैस लदे ट्रक चालक की मौत की वजह यही देरी बनी। आरओबी निर्माण को लेकर लोगों का कहना है कि विधायक-सांसद और बड़े अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे, जिससे आए दिन लोग समय पर चिकित्सा न मिलने से जान गंवा रहे हैं।

## नारी शक्ति संगम : सम्मान व सशक्तिकरण का संदेश



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर, ओपा कुडू में नारी शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अधिवक्ता शुभम मित्तल तथा विशिष्ट अतिथि सुषमा सिंह, रंजू देवी और रेखा अग्रवाल शामिल हुईं। वक्ताओं ने कहा कि नारी का सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण ही समाज की वास्तविक प्रगति है। शुभम मित्तल ने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए नारी-पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में यह आह्वान किया गया कि महिलाओं के लिए सुरक्षित और प्रोत्साहनपूर्ण माहौल बनाया जाए। सभी ने संकल्प लिया कि बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देंगे और दहेज व लिंग-भेद के खिलाफ आवाज उठाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भारत स्काउट और गाइड अनुशासन के साथ-साथ प्रतिभा को भी निखारने का करता है कार्य: डीसी

## लखनऊ में आयोजित जंबूरी में लोहरदगा जिला से 47 सदस्यों ने भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा डीसी डॉ ताराचंद, एसपी सादिक अनवर रिजवी, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीइओ दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, डीएसइ अभिजीत कुमार से जंबूरी जाने वाले भारत स्काउट और गाइड के छात्र-छात्राओं ने मुलाकात कर अपने अनुभव को साझा किया। स्काउट अश्विन मिंज ने अपने अनुभव को शेयर करते हुए बताया कि भारत देश के अलावे सात अन्य देशों के स्काउट और गाइड भी जंबूरी में भाग लेने लखनऊ पहुंचे थे। उनके सांस्कृतिक क्लचर, पायनियोरिंग प्रोजेक्ट को जानने और समझने का मौका मिला। भारत स्काउट और गाइड एक अथाह समुद्र है, जहां एक साथ कई गतिविधियां चल रही थी। गाइड काजल लकड़ा, सोनल लकड़ा और साक्षी टोप्पो ने बताया कि लखनऊ में आयोजित जंबूरी में लोहरदगा जिला से 47 सदस्यों ने भाग लिया। पूरे झारखंड से 826 भारत स्काउट और गाइड के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। जहां फूड प्लाजा, ट्रैकिंग, एआई गेम, निशानेबाजी सहित दर्जनों एडवेंचर कार्यक्रम चल रहे थे, जहां इन्होंने हिस्सा लिया और लोहरदगा जिला की उपस्थिति दर्ज करायी।

मौके पर डीसी डॉ ताराचंद ने कहा कि भारत स्काउट और गाइड अनुशासन के साथ-साथ प्रतिभा का भी निखारने का कार्य करता है। ऐसे में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ भारत स्काउट और गाइड की गतिविधियों से जुड़कर विद्यालयों को अपने विधार्थियों की प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना चाहिए।

एसपी सादिक अनवर रिजवी ने जंबूरी में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से उनके अनुभव को जानने का काम किया। इन्होंने कहा कि यह उम्र सीखने और आगे बढ़ने का है। ऐसे में अपने अंदर की प्रतिभा को जितना निखारा जाए उतना आगे बढ़ने का मौका मिलता जायेगा। जिला संगठन आयुक्त ने बताया कि भारत स्काउट और गाइड लोहरदगा जिला के बच्चे निरंतर बेहतर्क प्रदर्शन करते आ रहे हैं। लखनऊ जम्बूरी में यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों को संबोधित किया। मौके पर जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन के द्वारा डीसी डॉ ताराचंद और एसपी सादिक अनवर रिजवी को स्कार्फ और बगल प्रदान किया। इस मौके पर गाइडर संध्या कुजूर और सरोज तिर्की मौजूद थी।

## बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने दी श्रद्धांजलि



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण (पुण्यतिथि) दिवस पर झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने जिला से सटे जलता ग्राम में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री राम ने कहा कि बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, स्वाभिमान और समानता की लड़ाई के लिए समर्पित किया। वे एक महान अर्थशास्त्री, विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाज सुधारक थे। उन्होंने अछूतों के प्रति होने वाले सामाजिक भेदभाव के खिलाफ मजबूत आवाज उठाई और दलित बौद्ध आंदोलन को दिशा दी।उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक और भारत गणराज्य के प्रमुख निमार्ताओं में से एक थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, दीपक कुमार, दयानंद पांडेय, हीरा कुमार, हनुमान अग्रवाल, विनोद कुमार, अशोक यादव, उपेंद्र पासवान, नीरज रजक, अमित कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# लेस्लीगंज के केजीबीवी में पलामू डीसी का निरीक्षण व्यवस्थाओं में खामियों पर कार्रवाई की चेतावनी

**विभिन्न पदाधिकारियों ने शनिवार को नीलांबर-पीतांबरपुर के अलग-अलग विद्यालयों का निरीक्षण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस ने शनिवार को लेस्लीगंज के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं, छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, रसोई और छात्रावास की स्थिति का गहनता से अवलोकन किया। इस दौरान विद्यालय में जारी निर्माण कार्य के विभिन्न पैरामिटर्स पर कनीय अभियंता से जानकरी ली। इस दौरान पानी टंकी से हो रहे पानी लीक को आज ही दुरुस्त करने की बात कही साथ ही बच्चियों के छात्रवास के खिड़कियों में मोस्क्विटो नेट लगाने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान कुछ समय के लिए क्लासरूम में उपायुक्त टीचर की भूमिका में नजर आयीं, जहां उन्होंने कक्षा नौवीं व 11वीं के छात्राओं से विभिन्न विषय पर सवाल जवाब किया। इसी तरह उन्होंने प्रयोगशाला कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, रसोई घर, भंडार गृह का अवलोकन किया। निरीक्षण के पूर्व उपायुक्त ने विभिन्न पदाधिकारियों संग लेस्लीगंज प्रखंड सभागर में बैठक कर उन्हें अलग-अलग विद्यालयों की सूची सौंपते हुए निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया।

**डीसी-डीडीसी ने केजीबीवी, लेस्लीगंज के टीचर्स संग स्टाफ रूम में बैठक की :** निरीक्षण के पश्चात डीसी-डीडीसी ने शनिवार को विद्यालय के सभी शिक्षिकाओं संग बैठक की। इस दौरान उपायुक्त द्वारा पिछली पीटीएम कब हुई थी से संबंधित जानकरी ली। उन्होंने शिक्षिकाओं से बच्चियों की कॉपियों को अद्यतन रूप से चेक करने की बात कही। बैठक में एसएमसी रजिस्टर, उपस्थिति पंजी, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण पंजियों का अवलोकन किया। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर में प्रथम दृष्टिया गड़बड़ी पाये जाने पर रजिस्टर की गहनता से जांच करने हेतु रजिस्टर को जब्त किया गया।

### यहा मेरा दूसरा निरीक्षण है, तीसरी बार में सुनिश्चित होगी कार्रवाई : उपायुक्त

टीचर्स संग बैठक में डीसी समीरा एस ने कहा कि आज यहां मेरा दूसरा निरीक्षण है। यह तय है कि इस विद्यालय में मेरा तीसरा निरीक्षण भी होगा। उन्होंने कहा कि अगर अगली बार किसी भी स्तर पर कोई भी खामी पायी गयी, तो संबंधित व्यक्ति के उपर निश्चित ही कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि बच्चियों का अटेंडेंस 75 प्रतिशत से अधिक रहे, यह सुनिश्चित होना चाहिये। इस दौरान उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने विद्यालय पर किये जा रहे खर्च से जुड़े बिल्स का अवलोकन किया।

### इन विद्यालयों का किया गया निरीक्षण

विभिन्न पदाधिकारियों ने शनिवार को नीलांबर-पीतांबरपुर के अलग-अलग विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान छत्तरपुर एसडीएम ने यूपीजी राज्यकृत विद्यालय बनुवा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने राज्यकृत मध्य विद्यालय परशुरामखाप का निरीक्षण किया। इसी तरह सहायक समाहर्ता ने राज्यकृत उच्च विद्यालय डबरा, हुसैनाबाद एसडीएम ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भलमंडा भील, हरिजन टोला, सदर एसडीएम ने पीएमश्री अपग्रेडेड +2 स्कूल, धनगांव का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने यूपीजी पीएस टोला, दारूडीह विद्यालय, डीआरडीए निदेशक ने यूपीजी मध्य विद्यालय लालीमाटी, राजहारा विद्यालय, वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक ने राजहरा आदिवासी टोला विद्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के पश्चात डीसी ने सभी पदाधिकारियों संग बैठक किया।इस दौरान सभी स्कूलों के जांच प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी।

## देवघर में अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# छापामारी में 115 लीटर महुआ चुलाई शराब बरामद, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** शनिवार को अधीक्षक उत्पाद, देवघर के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब के चौर्य व्यापार पर रोकथाम के लिए विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जसीडीह थाना क्षेत्र के आस्ता एवं गम्हरिया, कुंडा थाना क्षेत्र के चांदडीह तथा नगर थाना अंतर्गत बाजला चौक में एक साथ कार्रवाई की गयी।

छापामारी के दौरान टीम ने कई स्थानों पर अवैध रूप से तैयार एवं बेची जा रही महुआ चुलाई शराब बरामद की। मौके से कुल 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 2 अज्ञात के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है। अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई जिले में अवैध शराब के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अभियान के दौरान जब्त किये गये प्रदर्शों का विवरण इस प्रकार है- अवैध महुआ चुलाई शराब - 115 लीटर, जावा महुआ - 50 किलोग्राम। उत्पाद विभाग ने बताया कि आगे भी जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने जनसहभागिता की अपील करते हुए अवैध शराब की सूचना तुरंत विभाग को देने की बात कही।

# इशान सरोवर पोर्टिको में फेस्टिव वीक की शुरुआत

केक मिक्सिंग सेरेमनी ने बढ़ाई क्रिसमस की रौनक

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** क्रिसमस की खुशियों को स्वागत करते हुए इशान सरोवर पोर्टिको देवघर ने अपने फेस्टिव वीक का शुभारंभ परंपरागत 'केक मिक्सिंग समारोह' के साथ किया। दिसंबर की शुरूआत को उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक जोश से सराबोर कर देने वाले इस आयोजन में होटल प्रबंधन, अतिथि और स्टाफ ने मिलकर रंग भरा।

**अंतरराष्ट्रीय परंपरा का देवघर में शानदार आयोजन :** कार्यक्रम में सूखे मेवे, संतरे, मसाले, सुगंधित तत्वों और विशेष पेय पदार्थों को मिलाकर क्रिसमस के प्रसिद्ध फ्रूट केक की तैयारी की गयी। केक मिक्सिंग को विश्वभर में क्रिसमस उत्सव की आधिकारिक शुरूआत माना जाता है, और इशान सरोवर पोर्टिको ने इस परंपरा को देवघर में खास तौर पर जीवंत किया। आयोजन ने उत्सव की एकता, कृतज्ञता और सामूहिकता की भावना को भी गहरे रूप में प्रदर्शित किया।

**मुख्य अतिथि सुनील खवारे ने की पहल की सराहना :** इस अवसर पर मुख्य अतिथि, प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता सुनील खवारे ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समारोह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समुदाय को जोड़ने वाला सुंदर अवसर है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन देवघर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करते हैं तथा त्योहार की खुशियां पूरे शहर में फैलाने का कार्य करते हैं। उन्होंने होटल प्रबंधन को इस सकारात्मक पहल के लिए बधाई भी दी।

**त्योहारी माहौल में उत्साह का संचार :** होटल प्रबंधन के अनुसार, यह आयोजन कर्मचारियों और अतिथियों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाता है तथा स्थानीय समुदाय में उत्सव की ऊर्जा को बढ़ाता है। होटल द्वारा आगामी दिनों में क्रिसमस स्पेशल कार्यक्रम, थीम आधारित मेन्यू और विविध उत्सवी गतिविधियों का आयोजन भी किया जायेगा, जिससे देवघर में त्योहार का उल्लास और बढ़ेगा।

## आरपीएफ ने 12 वर्षीय भटकते बच्चे को किया रेस्क्यू

मधुपुर (आजाद सिपाही)। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मधुपुर ने ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत सराहनीय कार्रवाई करते हुए एक भटके 12 वर्षीय नाबालिग बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया। शनिवार को दोपहर ट्रेन संख्या 18183 अप टाटा बक्सर एक्सप्रेस ट्रेन के मधुपुर स्टेशन पहुंचने पर गश्ती के दौरान आरपीएफ के एएसआई उत्पल मंडल एवं हैड कांस्टेबल केआर आलम की नजर एक नाबालिग बच्चे पर पड़ी, जो ट्रेन में अकेले और बिना किसी उद्देश्य के घूमते दिखाई दिया। मधुपुर आरपीएफ ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को ट्रेन से उतारकर पूछताछ की, परंतु भाषा समस्या के कारण वह संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाया। उसने अपना नाम सुशील पिंगुआ (12 वर्ष), पिता अमुष पिंगुआ बताया। पता चला कि बच्चे की मां का नाम सुमित्रा पिंगुआ है तथा उसका पता गांव—टेलीसाई, पटासाई जैंतगढ़ (ओपी), थाना—जगन्नाथपुर, जिला—पश्चिम सिंहभूम (झारखंड) है। पूछताछ में बच्चे ने बताया कि पिता के डांटने पर वह घर से भाग गया और किसी तरह ट्रेन में सवार होकर मधुपुर पहुंच गया।

## श्री राधा-कृष्ण प्रतिमा स्थापना महोत्सव में आस्था और एकता का संगम



देवघर (आजाद सिपाही)। मथुरापुर ग्राम में आयोजित श्री राधा-कृष्ण प्रतिमा स्थापना महोत्सव में आस्था, भक्ति और सामूहिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में किसान मोर्चा, झारखंड मुक्ति मोर्चा देवघर के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव ने मंच का उद्घाटन किया। वहीं ग्रामीणों की बड़ी उपस्थिति और उत्साह ने पूरे आयोजन को और भी भव्य बना दिया। महेंद्र यादव ने बताया कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गांव की संस्कृति, संस्कारों और सामूहिक शक्ति का उत्सव है। मातृशक्ति, युवाओं, बुर्जुगों और बच्चों की श्रद्धा और सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। मंच से संबोधित करते हुए महेंद्र यादव ने संदेश दिया कि राधा-कृष्ण की कृपा वहीं बरसती है जहां प्रेम, एकता और भक्ति का भाव होता है।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को किया गया नमन

मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर शहर के कोर्ट मोड़ स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा परिसर में शनिवार को महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि शब्बीर अंसारी, एसडीओ राजीव कुमार, सीओ यामुन रविदास, बीडीओ अजय कुमार दास व एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने बारी-बारी से उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान निर्माता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शब्बीर हसन अंसारी ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने न केवल भारतीय संविधान की रचना कर देश को लोकतांत्रिक ढांचा दिया, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। सीओ यामुन रविदास ने बाबा साहेब के विचारों और 'शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बीडीओ अजय कुमार दास ने कहा कि जाति, भेदभाव और असमानता के खिलाफ अंबेडकर का आंदोलन आज भी प्रासंगिक है और उनके मार्ग पर चलकर ही समाज में समरसता स्थापित की जा सकती है। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद शबाना परवीन, हाजी अल्ताफ हुसैन, अबू तालिब अंसारी, राजेश दास, शाकिर अंसारी, मोहम्मद श्याम, अली अहमद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट रेहला ने कृषक प्रशिक्षण और बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ग्रासिम सीएसआर रेहला कार्यक्रम के तहत ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला के इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी के नेतृत्व में बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट, रेहला द्वारा कृषि विकास परियोजना अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन जन सेवा ट्रस्ट के बिशनपुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र, चियांकी पलामू के कृषि अभियांत्रिकी के वैज्ञानिक विनोद कुमार पांडेय, प्रबंधक जन संपर्क विकास कुमार, सीएसआर के अधिकारी अनिल गिरि और जन सेवा ट्रस्ट के चिकित्सक डॉ प्रेम प्रकाश पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक श्री पांडेय ने कृषकों को विशेषकर रबी फसलों तथा कृषि से संबंधित विभिन्न घटकों के बारे में जानकारियां दी एवं उनके कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान किया।

प्रशिक्षक श्री पांडेय ने प्रशिक्षण में किसानों को खेती के लिए सबसे जरूरी मिट्टी का स्वास्थ्य, रखरखाव एवं उसकी जांच, मृदा संरक्षण, जल संरक्षण आदि मूलभूत जानकारियों से विस्तृत रूप में किसानों को जागरूक किया एवं किसी भी प्रकार की खेती के लिए इसके महत्व के बारे में बताया। अपने संबोधन में प्रबंधक जनसंपर्क विकास कुमार ने कहा कि जल्द ही जनसेवा ट्रस्ट के द्वारा मिट्टी जांच से संबंधित कदम उठाए जायेंगे जिससे कृषकों को इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर के अनिल गिरि ने किया। प्रशिक्षण के उपरांत उपस्थित आसपास के 62 पुरुष एवं महिला कृषकों के बीच गेहूं के बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में जन सेवा ट्रस्ट के मो कैफ सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र प्रसाद यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, योगेश पाल, बिरेंद्र सिंह आफताब अंसारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## हरिहरगंज में मेडिकल दुकानों की संयुक्त टीम ने की सघन जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज में शनिवार को औषधि निरीक्षक और पुलिस की संयुक्त टीम ने मेडिकल दुकानों की सघन जांच की। यह कार्रवाई हाई कोर्ट के निर्देश के बाद शुरू किये गये विशेष अभियान के तहत की गई। टीम ने मुख्य बाजार स्थित न्यू महावीर मेडिकल हॉल, विकास मेडिकल हॉल, न्यू महामाया मेडिकल हॉल सहित कई दवा दुकानों में दस्तावेजों व स्टॉक की जांच की।औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा ने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारियों द्वारा चिह्नित संदेहास्पद मेडिकल दुकानों को प्राथमिकता के आधार पर जांचा गया। उन्होंने कहा कि दुकानों से प्राप्त जानकारी और दस्तावेजों की समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

सूत्रों के अनुसार, सीआईडी मुख्यालय ने सभी जिलों की पुलिस को नकली व एक्सपायरी दवाओं की बिक्री पर सख्ती बरतने और प्रतिबंधित नशीली दवाओं की निगरानी बढ़ाने का निर्देश जारी किया है। औषधि विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत मेडिकल स्टोर से ही दवाएं खरीदें और अवैध दवाओं के लेन-देन से दूर रहें।

जांच टीम में औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा के साथ असिस्टेंट विवेक कुमार, एसआई मोहम्मद शहंशाह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बिना नक्शा पास कराये भवन निर्माण पर होगी कार्रवाई : कार्यपालक पदाधिकारी



फोटोः-अरोग्य मंदिर का निरीक्षण करते कार्यपालक पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शशिशेखर सुमन ने शनिवार को शहर में चल रहे विकास योजनाओं, आयुष्मान अरोग्य मंदिर व बिना नक्शा के बन रहे भवन निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने नगर पंचायत क्षेत्र में भवन निर्माण को लेकर कई निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में नये मकान के निर्माण अथवा पुराने मकान में किसी प्रकार के परिवर्तन या निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नगर पंचायत से नक्शा अनुमोदित कराना अनिवार्य है। नियम नगरपालिका की अधिनियम 2011 की धारा 427 में यह प्रावधान है। नियम का पालन नहीं करने पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 428, 436 एवं 437 के तहत कार्रवाई की जायेगी। वहीं बिना अनुमोदित नक्शे के किया गया कोई भी निर्माण कार्य अवैध माना जायेगा। ऐसे अवैध निर्माण के खिलाफ नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। वहीं आयुष्मान अरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता व मरीजा को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजो के उपचार में किसी स्तर की लापरवाही नही होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं का निरीक्षण कर कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर कनिय अभियंता बृजलाल यादव समेत कई नपं कर्मी उपस्थित थे।05

## डॉ अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद मध्य विद्यालय परिसर में शनिवार को डॉ भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य कन्हैया प्रसाद के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य और समस्त शिक्षकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर के छवि चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य कन्हैया प्रसाद ने कहा कि हमें डॉ अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों और सिद्धांतों को केवल स्मरण नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें अपने समाज और जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बाबा साहब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। मौके पर शिक्षक जुबैर अंसारी, राजेश सिन्हा, प्रमोद मेहता शिक्षिका सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री स्व. मधु सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी (पलामू)।** पांकी प्रखंड के कोनवाई हाई स्कूल परिसर में शनिवार को पूर्व मंत्री स्वर्गीय मधु सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धाभाव से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. मधु सिंह एवं स्व. अमरनाथ सिंह उर्फ ठाकुर साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर की गयी। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और गरीबों के लिए किये गये योगदान को याद करते हुए कहा कि स्व. मधु सिंह ऐसा नाम है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उनके व्यक्तित्व में सेवा, त्याग और संघर्ष की अद्भुत मिसाल देखने को मिलती थी। वक्ताओं ने कहा कि स्व. मधु सिंह 80-90 के दशक में गरीब, असहाय और वंचितों के लिए हमेशा एक मजबूत आवाज बने रहे। उन्होंने कभी भेदभाव नहीं किया और हर तबके को साथ लेकर चले।

पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने कहा कि जिस समय गरीबों को समाज में प्रतिष्ठा नहीं मिलती थी, उस दौर में स्व. मधु सिंह ने उन्हें सम्मान दिलाने की लड़ाई लड़ी। उन्होंने गरीबी और अन्याय के विरोध में संघर्ष शुरू किया, कंडक्टर से लेकर सिनेमा हॉल में टिकट काटने तक का काम किया, लेकिन अन्याय देख राजनीतिक मार्ग को अपनाया। पांकी पश्चिमी जिला परिषद सदस्या निधि सिंह ने कहा कि स्व. मधु सिंह जैसे जननेता पूरे पलामू प्रमंडल में दुर्लभ हैं। बच्चू मवार, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता निरंजन यादव, तुलसी प्रजापति तथा भीम शुक्ला ने भी अपने संबोधन में कहा कि मधु सिंह का योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। मौके पर कांग्रेस महासचिव राकेश कुशवाहा, मुखिया मंजू देवी, लक्षण सिंह, राजेंद्र सिंह, बच्चू सिंह, रामबली सिंह, राहुल कुमार, मोहन उरांव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सांसद वीडी राम ने रेल मंत्री से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं को बढ़ाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नयी दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करने एवं रेलवे परियोजनाओं के निर्माण की मांग एवं विस्तृत चर्चा किया। जिसमें बरवाडीह चिरिमिरी-अंबिकापुर तक 182 किलोमीटर नई रेलवे लाइन एवं गया शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज कजरी तक 108 किलोमीटर नई रेलवे लाइन का निर्माण। इन दोनों रेलवे परियोजनाओं का विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार कर ली गयी है और रेलवे बोर्ड को समर्पित किया जा चुका है। मंत्री ने उक्त दोनो परियोजनाओं के निर्माण कार्यो में तेजी लाने का निदेश दिया है। रेलवे बोर्ड द्वारा ठंड के मौसम में कोहरे का बहाना बनाकर 12873/12874 हटिया-आनंद विहार अप/डाउन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन 1 दिसंबर 2025 से 27 फरवरी 2026 तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय को निरस्त करते हुए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का पुनः परिचालन प्रारंभ किया जाये। ट्रेन संख्या 15077/15078 टनकपुर बरवाडीह त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस जो बरवाडीह से चलकर पलामू संसदीय क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों डालटनगंज, गढ़वा रोड़, गढ़वा, मेराल ग्राम, नगर उटारी एवं विढ़मगंज होकर जाती है। उक्त ट्रेन का परिचालन कोविड-19 के कारण बंद कर दी गयी थी। यदि यह किसी कारणवश सम्भव नहीं है, तो इसके स्थान पर नई ट्रेन बरवाडीह या रांची से अयोध्या होते हुए लखनऊ तक चलायी जाय। वंदे भारत ट्रेन को रांची से लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाया जाय। वंदे भारत ट्रेन अप कमिंग टाटा से वाराणसी को डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलायी जाय।

नयी दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन ट्रेन संख्या 12454 (शनिवार) एवं ट्रेन संख्या 20408 (बुधवार) को नयी दिल्ली से (प्रस्थान समय 16:10 बजे) राची (आगमन समय 09:45 बजे) वाया गढ़वा रोड़ एवं डालटनगंज रेलवे स्टेशन (पलामू संसदीय क्षेत्र) होकर जाती है। उक्त ट्रेन को सप्ताह में बुधवार की जगह शुक्रवार को चलाने से यात्रियों को आवागमन करने में सुविधा होगी। नई दिल्ली से शुक्रवार को कार्य दिवस की समाप्ति के पश्चात आसानी से शाम 16:10 बजे इस ट्रेन को पकड़ कर अपने गंतव्य की ओर जाया जा सकेगा।

## आजाद सिपाही में छपी खबर पर डीसी ने लिया संज्ञान, की बड़ी कार्रवाई

# किसानों को खुले में धान बेचने से रोकें एवं उन्हें जागरूक करें अधिकारी: डीसी

### कहा- लैंपस में किसानों से 15 दिसंबर से खरीदे जायेंगें धान, एक सप्ताह में मिलेगी पूरी राशि

**गुमला जिला कृषि पदाधिकारी, चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ-सीओ को पत्र भेजकर दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए धान की जमाखोरी और किसानों के शोषण से संबंधित खबरों को **आजाद सिपाही** लगातार प्रकाशित कर रहा है। आजाद सिपाही की नजर गुमला जिले के अतिरिक्त झारखंड राज्य की सीमा से लगे दूसरे राज्यों के जिलों पर भी हैं। सीमावर्ती जिलों में अंदर के अंतरार्जयीय छोटे मार्गो से जमाखोर धान की कालाबाजारी करते हैं। इसी कड़ी में एक खबर 'जशपुर में पकड़ाया गुमला का 120 क्वींटल धान' खबर को आजाद सिपाही ने दो दिसंबर को प्रकाशित किया था। इस खबर पर संज्ञान लेते हुए डीसी प्रेरणा दीक्षित ने बड़ी कार्रवाई की है। डीसी ने इस खबर का हवाला देते हुए चैनपुर के अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला जिला कृषि पदाधिकारी, चैनपुर बीडीओ, और सीओ को पत्र लिख कर कड़े निर्देश दिये हैं। उन्होंने पत्र में किसानों द्वारा खुले बाजार में धान बेचने पर रोक लगाने एवं प्रचार-प्रसार करने को लेकर निर्देश दिया है।



आजाद सिपाही

रांची

जशपुर में पकड़ाया गुमला का 120 क्विंटल धान

चार पिकअप वाहन और चार चालक भी पकड़ाए

आजाद सिपाही ने 01 दिसंबर के अंक में खबर छाप कर किया था खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। छत्तीसगढ़ के जशपुर पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 क्विंटल अवैध धान से लदे चार पिकअप वाहनों को पकड़ा है। इस जब्त धान की अनुमानित कीमत लगभग 03 लाख रुपये है बताया जा रहा है कि सिटी कोतवाली क्षेत्र में घेराबंदी कर धान से लदे इन पिकप वाहनों को पकड़ा गया है। थाना सिटी कोतवाली जशपुर पुलिस की टीम गश्त पर थी। मिली सूचना के आधार पर, पुलिस ने ग्राम मलोंडा के ग्रामीण रास्ते पर नाकाबंदी की। तस्कर इसी रास्ते का उपयोग झारखंड से छत्तीसगढ़ में धान लाकर बेचने की कोशिश कर रहे थे।

जशपुर व चैनपुर के हैं पकड़े गये पिकअप चालक

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देश पर की गई घेराबंदी में, पुलिस ने

जशपुर पुलिस ने अब तक पकडे हैं 420 क्विंटल धान

पुलिस द्वारा वैध दस्तावेज मांगे जाने पर, वे कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके बाद पुलिस ने चारों पिकअप वाहनों को धान सहित जब्त कर लिया और अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया है। सूत्रों की मानें तो अब तक 420 क्विंटल अवैध धान जब्त किया जा चुका है। इस बारमदगी को मिला कर जशपुर पुलिस अब तक कुल 420 क्विंटल अवैध धान पकड़ चुकी है। इससे पहले थाना लोदाम, कुनकुरी, और पंडरा पाठ क्षेत्रों से पांच ट्रक, तीन पिकअप और एक ऑटो सहित लगभग 10 लाख 50 हजार रुपये कीमत का धान जब्त किया जा चुका है। सीमावर्ती क्षेत्रों में धान की जमाखोरी करने के बाद धान के ये खेप पूर्व में भी झारखण्ड से लाये जा रहे थे। क्योंकि लोदाम, कुनकुरी आदि झारखण्ड की सीमा से लगे क्षेत्र माने जाते हैं।

चार संदिग्ध पिकअप वाहनों को रोका। वाहनों के क्रमांक क्रमशः CG14-MU-9347, JH01-FG-8689, JH01-FC-816, और JH-01FC-7695 हैं। इन चार वाहनों के चालकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास वैध दस्तावेज नहीं मिले। पूछताछ में भागलपुर, जशपुर निवासी पिकअप ड्राइवर जीतवाहन ने बताया कि वे यह धान झारखंड से जशपुर के एक राइस मिल के लिए लाये रहे थे। गिरफ्तार चालकों में जीतवाहन के साथ साथ विकास कुमार, चंदन कुमार, और रोहित रौतिया के नाम शामिल हैं। ये तीनों गुमला जिला अंतर्गत चैनपुर के निवासी हैं।

अवैध धान आवक को रोकने के लिए जशपुर पुलिस तत्पर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस लगातार सीमावर्ती राज्यों से छत्तीसगढ़ में अवैध धान के आवक को रोकने हेतु संभावित रास्तों पर नजर रखे हुए है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

आजाद सिपाही ने जिला प्रशासन को पहले ही किया था सचेत

इस अवैध कारोबार का खुलासा आजाद सिपाही ने 1 दिसंबर के अंक में स्पष्ट रूप से किया था। खबर यह थी कि छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती गांव से होकर गुजरने वाले गुप्त रास्तों से झारखंड के धान छत्तीसगढ़ भेजे जा रहे हैं। यह घटना आजाद सिपाही के उस खबर की पुष्टि करता है। अभी भी अगर जिला प्रशासन सक्रिय नहीं हुआ तो किसानों की मेहनत की कमाई से जमाखोरों की तिजोरी में भर जाएगी।

### अधिकारियों में भेजे गये पत्र में लिखी बातें

पत्र के प्रसंग में आजाद सिपाही में दो दिसंबर को प्रकाशित 'जशपुर में पकड़ाया गुमला का 120 क्वींटल धान' का प्रेस कतरन को आधार बनाया गया है। विषय में बताया गया है कि प्रसंगाधीन प्रेस कतरन के संबंध में कहना है कि 15 दिसंबर 2025 से लैम्पस/ पैक्स के माध्यम से किसानों से धान क्रय किया जाना संभवित है। पर विभिन्न सूत्रओं से सूचना मिल रही है कि गुमला जिले के किसानों से बिचौलियों द्वारा औने-पौने दामों पर धान की खरीदी की जा रही है। ऐसी स्थिति में सरकार से मिलने वाली न्यूनतम समर्थन मूल्य के लाभ से गुमला जिला के किसान वंचित हो जायेंगें। उक्त के आलोक में निर्देश दिया जाता है कि आप अपने क्षेत्र में किसानों को जागरूक करें कि इस वर्ष सरकार की ओर से किसानों को लैम्पस / पैक्स में धान के बिक्री करने पर एकमुश्त राशि की भुगतान की जाएगी। साथ ही बिचौलियों के माध्यम से किसानों से जो औने-पौने दाम पर धान की खरीद हो रही है। उस पर अंकुश लगाना सुनिश्चित करेंगे।

### किसे-किसे भेजी प्रतिलिपि

इस पत्र की प्रतिलिपि जिले के सभी थाना प्रभारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि जिले के सभी बीडीओ और सीओ को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। इसके अलावे बसिया एवं गुमला अनुमण्डल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य के लिए प्रेषित किया गया है। एक प्रतिलिपि गुमला अपर समाहर्ता को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

## गुमला में कोटपा एक्ट के तहत चला विशेष अभियान, कई दुकानों पर की गयी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीसी के निर्देश पर शनिवार को गुमला पार्क के पास खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुगी के नेतृत्व में कोटपा एक्ट के तहत विशेष जांच एवं छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सनी कुमार, प्रिंस कुमार गुप्ता, अमन गुप्ता एवं आरोग्य अमृत तुल्य और कई प्रतिष्ठानों में गहन जांच की गई। जांच के क्रम में सभी प्रतिष्ठानों में अधिनियम 2003 के तहत संबंधित दुकानदारों पर अर्थदंड लगाया गया।



### चेतावनी एवं निर्देश

छापामारी अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को बताया कि शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू उत्पादों की बिक्री या सेवन दंडनीय अपराध है। 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचना कानूनन अपराध है। सार्वजनिक क्षेत्र में तंबाकू बेचते या खाते हुए पाए जाने पर कोटपा एक्ट के तहत सख्त अर्थदंड एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से दुकानदारों और आमजन को यह भी बताया गया कि बच्चों और युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए सभी को कानून का पालन करना आवश्यक है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अवैध तंबाकू बिक्री या सेवन की जानकारी प्रशासन को अवश्य दें।

## एक ही दिन में काटे गये 140 चालान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन का सख्त अभियान शनिवार को भी जारी रहा। जिला परिवहन पदाधिकारी की अचानक जांच में सिसई रोड स्थित स्कूलों के पास एक ही दिन में 140 चालान काटे गए। डीसी प्रेरणा दीक्षित और एसपी हारिश बिन जमा के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में संत पैट्रिक और संत इग्नेशियस स्कूलों के बच्चों को लाने-ले जाने वाली गाड़ियों की विशेष जांच की गई। हेलमेट न पहनने वाले अभिभावकों और कागजात की कमी वाले चालकों पर भारी जुर्माना लगाया गया। कई चालक कार्रवाई से बचने के लिए गाड़ियां छोड़कर छिपते दिखे, जिन पर ऑनलाइन चालान किया गया। प्रशासन ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि बच्चे किसी भी हालत में खुद गाड़ी चलाकर स्कूल न आएं। सभी वाहनों के पास लाइसेंस, बीमा, परमिट और फिटनेस अनिवार्य रूप से होना चाहिए। डीटीओ ने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा नियमों में ढिलाई अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## धान के गांज में लगी आग, जलकर राख

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नवनी गांव में खलिहान में रखें महावीर उरांव के धान के गांज में अचानक आग लग गई, जिससे धान का गांज जलकर पूरी तरह राख हो गया। इस बाबत महावीर की पत्नी पंचोला देवी ने बताया कि खेतों से कटाई कर धान गांज को लाकर खलियान में रखा गया था। आग कैसे लगी कोई जानकारी नहीं है। ग्रामीणों ने जब सूचना दी तो आनन-फानन में खलिहान के पास मौजूद लोग मदद को दौड़े और आग को पंपसेट से पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तबतक धान की गांज जलकर राख हो चुकी थी। पीड़िता ने बताया की खलिहान में करीब 10 बड़े धान गांज थी, जो पूरी तरह जलकर बर्बाद हो गयी। इसके काफी नुकशान हुआ है। पीड़िता ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

## डीसी को ज्ञापन सौंपकर धान की फसल जबरन काटकर ले जाने की शिकायत की

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बसुआ थाना क्षेत्र के महावीर उरांव ने डीसी प्रेरणा दीक्षित को आवेदन सौंपकर जबरजस्ती धान की फसल काटकर ले जाने की शिकायत की है। आवेदन में बताया कि उसने अपनी खतियानी जमीन में 378 एकड़ में धान की खेती किया था। जिसमें करीब 50 से 60 क्विंटल फसल होगा। उसे गांव के ही चरवा उरांव, बंधनु उरांव और बसिया उरां काट कर ले गये। जब हम लोग धान काटने गए तो, उपरोक्त लोगों ने धमकी दी कि ये धान वे काटेगें। कहा कि अगर तुमलोग खेत में आए तो पूरे परिवार को जान से मार देगें। इस संबंध में पूर्व में एसडीओ एवं गुमला थाना में आवेदन दिया था पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने डीसी से इस मामले में कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

## चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में इकेवाइसी, आयुष्मान कार्ड एवं मोबाइल सीडिंग पर दिया गया जोर



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ यादव बैठा ने की। अध्यक्षता में हुई, जिसमें राशन कार्ड ईकेवाईसी, आयुष्मान कार्ड, और राशन कार्ड में मोबाइल सीडिंग जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों, राशन डीलरों, और अन्य संबंधित कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान बीडीओ ने इन महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं को समय पर पूरा करने के महत्व पर बल दिया। कहा कि सभी संबंधित कर्मी यह सुनिश्चित करें कि ईकेवाईसी और आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही, राशन कार्ड में मोबाइल नंबर की सीडिंग का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा करें, ताकि लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। बीडीओ ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने और लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा करने का निर्देश दिया।

# बस के धक्के से बाइक सवार व्यक्ति की मौत, एक अन्य गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा-गुमला बॉर्डर स्थित टोटांबी पुल के पास अज्ञात बस के टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसी हादसे में एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि एंबुलेंस नहीं रहने के कारण समाचार लिखे जाने तक घायल अस्पताल में ही तड़पता रहा। जबकि, मृतक के शव का पंचनामा कर पुलिस उसे थाना ले आयी। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार होकर दो लोग घाघरा की ओर से जा रहे थे। तभी गुमला की ओर से आ रही बस ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो घटना स्थल पर बस में चढ़ने वाली सीढ़ी टूट कर गिरी थी। लोगों ने बताया कि उक्त घटना के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुय गयी है।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के महुआ डीपा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की रात 11 बजे बोलेरो के टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान पंडरानी गांव निवासी प्रकाश सिंह (35) के रूप में हुई है। जबकि बाइक के पीछे बैठे युवक प्रवीण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक प्रकाश और प्रवीण दूरियां गांव अपने मामा नंदकेश्वर सिंह के बेटे की शादी में भाग लेने गए थे। वहां से वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी महुआ डीपा पेट्रोल पंप के समीप पीछे से एक बोलेरो टक्कर मारते हुए फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, इलाज के क्रम में प्रकाश की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रवीण को डॉक्टर ने रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार की सुबह 10 बजे घटना की सूचना पाकर गुमला थाना के एसआई विनय कुमार महतो सदर अस्पताल पहुंचे। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## बिजली के खंभे से टकराकर पलटने से उड़े कार के परखच्चे

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी से चैनपुर की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो शुक्रवार की रात अनियंत्रित होकर नवाडीह चर्च गेट के पास सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को टक्कर मारते हुए पलट गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। वहीं, बिजली का खंभा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यही नहीं, चर्च बाउंड्री भी टूट गई और गेट किनारे साइकिल दुकान की झोपडी भी गिर गयी। गनीमत रही कि हादसे के दौरान गाड़ी का एयरबैग समय से खुल गया, जिससे उसमें सवार लोगों की जान बच गई। हादसे के बाद वाहन के अंदर और बाहर चावल बिखरा मिला। साथ ही कई गर्म कपड़े भी इधर-उधर बिखरे पड़े थे। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही कि घटना के समय कार में कितने लोग सवार थे। इस संबंध में थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है।

# अव्यवस्था की भेंट चढ़ी कार्यशाला, जमीन पर बैठकर प्रशिक्षण लेने को हुए मजबूर

### बड़ी संख्या में लोग बिना प्रशिक्षण लिए ही वापस लौटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** ब्लॉक परिसर में झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग की ओर से सारथी योजना के तहत आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला अव्यवस्था की भेंट चढ़ गयी। कार्यशाला में आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया और कृषक मित्रों सहित बड़ी संख्या में कर्मियों को बुलाया गया था। लेकिन ब्लॉक परिसर स्थित सभागार में बैठने की सीमित व्यवस्था होने से कार्यक्रम शुरू होते ही हालात बिगड़ने लगे। सभागार में जगह कम पड़ने पर कई प्रतिभागियों को मजबूरन जमीन पर बैठकर प्रशिक्षण लेने को मजबूर होना पड़ा। वहीं, बैठने की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में लोग बिना प्रशिक्षण लिए ही बैरंग वापस लौट गए। प्रतिभागियों ने बताया कि विभाग की ओर से कार्यक्रम से पहले सुविधाओं का समुचित आकलन नहीं किया गया था, जिसके चलते पूरे प्रशिक्षण सत्र में अफरातफरी जैसी स्थिति बनी रही। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों को सारथी योजना की रोजगारोन्मुखी सुविधाओं से जोड़ना और संबंधित कर्मियों को इसके प्रावधानों के बारे में प्रशिक्षित करना था। लेकिन कुव्यवस्था के कारण प्रशिक्षण के प्रभाव और सहभागिता पर इसका नकारात्मक असर देखने को मिला। प्रतिभागियों ने भविष्य में बेहतर व्यवस्था की मांग की है।



कुर्सी के अभाव में जमीन पर बैठकर प्रशिक्षण लेतीं महिलाएं।

## बकाया मानदेय को लेकर धरना 10वें दिन भी जारी, सड़क पर सोने को मजबूर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्कूलों में कार्यरत रसोइयों एवं संयोजिकाओं का बकाया मानदेय भुगतान और मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 10वें दिन भी जारी रहा। धरना दे रहीं महिलाओं ने आरोप लगाया कि पिछले 10 दिनों से लगातार प्रदर्शन के बावजूद कोई भी अधिकारी उनकी समस्याओं को सुनने तक नहीं आया। रसोइयों ने कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती, तो वे सड़क पर ही सोकर आंदोलन जारी रखेंगी और अपना हक पाने के लिए जान तक देने को तैयार हैं। धरना स्थल पर सैकड़ों रसोइयां, संयोजिकाएं एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहीं प्रखंड सचिव लगनी देवी, सीमा देवी, सुभद्रा देवी, दुलारी देवी, लक्ष्मी देवी आदि ने कहा कि मानदेय का भुगतान पिछले कई महीनों से लंबित है, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि स्कूलों में प्रतिदिन बच्चों के लिए भोजन बनाना होता है। पर मानदेय भुगतान नहीं किया जा रहा।

## बीओआइ में पर्स से 19 हजार की चोरी, महिला एवं नाबालिग पकड़ायी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के बैंक आफ इंडिया (बीओआइ) में शनिवार की दोपहर 1.30 बजे ब्लेड से पर्स काटकर रुपये चोरी करने का मामला सामने आया है। हालांकि चोरी करते एक महिला और उसके साथ आई नाबालिग लड़की को पकड़ लिया गया है। घटना उस समय हुई जब ढोढरी टोली निवासी नीलिमा कुजूर बैंक में 19 हजार रुपये जमा करने पहुंची थीं। भीड़-भाड़ का फायदा उठाते हुए बेडो निवासी सुमन देवी नामक महिला अपनी नाबालिग साथी के साथ नीलिमा के करीब आई। इस दौरान बच्ची ने ब्लेड से उनका पर्स काट दिया। जैसे ही पर्स कटा, उसमें रखे रुपये नीचे गिर पड़े, जिन्हें बच्ची ने तुरंत उठा लिया। नीलिमा को किसी अनहोनी का शक हुआ, तो उन्होंने अपने आस-पास मौजूद लोगों को इसकी जानकारी दी। मौके पर मौजूद लोगों ने सुमन देवी और बच्ची को रोका और तलाशी ली गई। इस दौरान चोरी के रुपये उनके पास से बरामद हो गए। इसके बाद दोनों को लोगों ने घेर लिया और बैंक प्रबंधन की मदद से पुलिस के हवाले कर दिया। पूरा घटनाक्रम बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। निलिमा कुजूर ने कहा कि महिला और बच्ची काफी देर से संदिग्ध तरीके से घूम रही थीं।

## विद्यालय और अभिभावक मिलकर ही बच्चों को सही दिशा दे सकते हैं : चंद्रकांत पाठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में जूनियर विंग का वार्षिक खेल दिवस आयोजित हुआ। इसकी खास बात यह रही कि बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ मिलकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की जिससे विद्यालय परिसर में पारिवारिक अपनत्व एवं उत्साह का दृश्य देखने को मिला। इस दौरान विजेता अभिभावक एवं बच्चों को सम्मानित भी किया गया। चंद्रकांत पाठक ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास विकसित करता हैं। अभिभावकों के साथ संयुक्त सहभागिता से बच्चों का उत्साह दोगुना हुआ है, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय और अभिभावक मिलकर ही बच्चों को सही दिशा दे सकते हैं। खेल दिवस आपसी सहयोग, आनंद और सीख का जीवंत उदाहरण रहा। इस मौके पर मुख्य रूप से चंद्रकांत पाठक, अंकिता श्री, गौतम कुमार, सुदामा गुप्ता, सोनी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बसिया एकलव्य मॉडल विद्यालय के बच्चों ने फोक ग्रुप सांग में राष्ट्रीय स्तर पर जीता प्रथम स्थान



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के 12 छात्र एकलव्य विद्यालयों के 6वें राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं कला उत्सव उद्धव-2025 प्रतिभागिता में शामिल होने उत्तर प्रदेश के गुंटूर गये हैं। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में बसिया एकलव्य विद्यालय के बच्चों ने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल सात कार्यक्रमों में अपना प्रदर्शन दिया। जिसमें से तीन बेहतरीन प्रदर्शन को पुरस्कार मिला। इसमें फोक ग्रुप सांग को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान मिला। जबकि क्लासिकल ऑर्केस्ट्रा एवं ट्राईबल डांस को द्वितीय स्थान मिला। राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय के बच्चों को मिली इस बड़ी सफलता से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ ही प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी है। विद्या विकास समिति, झारखंड के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार एवं ओम प्रकाश सिन्हा के अलावा प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने भी छात्रों को बधाई दी।

झारखण्ड सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय

शुद्धि पत्र

झारखण्ड डायरी, दूरभाष निर्देशिका, नोट पैड एवं दिवाल कैलेण्डर के टर्न–की आधार पर मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु प्रकाशित निविदा PR. No.-367085 दिनांक 25.11.2025 (Tender ID.-2025_IPRD_106995_1) अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

निदेशक

PR 367926 (IPRD)25-26*D

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय
अल्पकालीन ई०–निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, लोहरदगा। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसो का तेल, चिनी एवं अन्य विविध सामग्री के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा–2026 (दिनांक–01.01.2026 से 31.03.2026 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी | रु 5,000.00(पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–15.12.2025 से 22.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online Upload करने की तिथि। | तिथि–15.12.2025 से 22.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि–23.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन की राशि (EMD) (रु2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–23.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि–24.12.2025 को पूर्वाह्न–11:00 बजे उप–विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में उप–विकास आयुक्त, लोहरदगा–सह– अध्यक्ष कारा क्रय समिति की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकार का जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय/मंडल/उपकारा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No-9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

काराधीक्षक
मंडल कारा, लोहरदगा।

PR 367901 Lohardaga(25-26)D

### विद्यार्थी-केंद्रित हितकारी शिक्षा सुनिश्चित करने को ले डीपीएस सीवी बोकारो में शिक्षाविदों का बड़ा जुटान

# उज्ज्वल भविष्य-निर्माण के लिए शिक्षक देश की सबसे मजबूत दीवार : उपायुक्त



**स्कूल लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स' में तीन राज्यों के 100 से अधिक प्राचार्यों ने किया मंथन**

धर्मेंद्र सिंह

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो की ओर से एमएसएमई, नीति आयोग, भारत सरकार से संबद्ध सीईडी (सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट) फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को डीपीएस बोकारो में स्कूल लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स- 2025 के 18वें संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। इस एकदिवसीय शिखर सम्मेलन सह सम्मान समारोह में झारखंड, बिहार और ओड़िशा के 100 से अधिक प्राचार्यों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान, भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 किस प्रकार विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित कर सकती है और कैसे मूल्यांकन प्रणाली को पुर्नपरिभाषित किया जा सकता है, इस विषय पर शिक्षाविदों ने गहन विचार-मंथन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा ने इस आयोजन को शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताते हुए राष्ट्र-निर्माण में शिक्षकों की महती भूमिका रेखांकित की। उन्होंने उपस्थित प्राचार्यों से विद्यार्थियों को सफल नागरिक बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र-निर्माण की सबसे मजबूत दीवार और सबसे भरोसेमंद कंधा हैं, जिनसे देश को बहुत उम्मीद है।

इसके उपरांत, उपायुक्त श्री झा ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए झारखंड, बिहार एवं ओडिशा के कुल 35 वरिष्ठ शिक्षाविदों को शिक्षक रत्न सम्मान, शिक्षक गौरव सम्मान एवं भारतीय गौरव सम्मान से नवाजा।

**विचार-मंथन और सांस्कृतिक प्रस्तुतिः :** उद्घाटन सत्र की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर-5 के विद्यार्थियों ने स्वागत गान तथा श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार ने एनईपी 2020 को भारत के भविष्य-निर्माण का ब्लूप्रिंट बताया और इसके क्रियान्वयन में विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं की अहम भूमिका पर बल दिया। द पेंटेकोस्टल एसेंबली स्कूल, बोकारो के दल ने झारखंडी लोकनृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**प्रमुख वक्ताओं का उद्बोधन :** डॉ प्रियदर्शी नायक (सीबीएसई सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, पूर्वी ओड़िशा चैप्टर तथा सीईडी फाउंडेशन के अध्यक्ष) ने दो बोर्ड परीक्षाएं, ओपन बुक एग्जाम की प्रणाली पर चर्चा करते हुए इसे विद्यार्थियों को तनावमुक्त बनाने और उनमें सीखने की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रो (डॉ) सीबी शर्मा (विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलपति, एनईपी 2020 निर्माण के प्रारूप समिति सदस्य) ने शैक्षणिक सुधार की दिशा में ऐसे आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए एनईपी 2020 के सफल क्रियान्वयन में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की सम्मिलित भूमिका पर बल दिया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर स्कूल लीडरशिप समिट में मंथन

बोकारो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के सफल क्रियान्वयन की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो के कैंपस में एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते स्कूल के प्रिंसिपल डॉ एएस गंगवार ने कहा कि इस समारोह में बिहार, झारखंड और ओडिशा से 100 से भी अधिक स्कूलों के प्रधानाचार्य और शिक्षाविद् सम्मिलित हुए।
**भविष्य की शिक्षाः** टेक्नोसेवी और कौशल- आधारित बच्चों के माइंडसेट के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनका माइंडसेट दिन-ब-दिन बदलता है और आगे आने वाले समय में वे अधिक टेक्नोसेवी होंगे। उन्होंने भविष्य की शिक्षा में भी हो रहे बदलावों पर जोर दिया।

- ऑनलाइन शिक्षा और ए आई -आधारित लर्निंग के सवालों पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ऑनलाइन इम्प्लीमेंटेशन बढ़ सकता है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित लर्निंग का उपयोग किया जायेगा।
- प्रैक्टिकल और स्किल-आधारित शिक्षाः नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्किल प्रदान करना और उनकी योग्यता बढ़ाना है। डॉ गंगवार ने कहा कि शिक्षा प्रैक्टिकल बेस्ड ज्यादा रहेगी, जिससे बच्चों को जॉब के अधिक अवसर मिलेंगे। इस समारोह में सहोदया की उपाध्यक्ष एवं होली क्रॉस स्कूल की प्राचार्या, चंदनकियारी की प्राचार्या सिस्टर कमला पॉल, पेंटिकॉस्टल एसेंबली स्कूल के निदेशक एवं सहोदया के संस्थापक सदस्य डॉ. ध्रुव नारायण प्रसाद, एआरएस पब्लिक स्कूल के निदेशक रामलखन यादव प्रतिष्ठित स्कूलों के प्रधानाचार्य भी मौजूद थे।

# सिंदरी डोमगड की जनसमस्याओं का जल्द होगा निवारण : जेपी नड्डा

**धनबाद सांसद दुलू महतो ने कहा कि जल्द ही एक कमेटी का विस्तारीकरण कर एफसीआईएल, सेल तथा जिला प्रशासन के साथ बैठक होगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/सिंदरी।** देवघर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान शनिवार को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं रसायन उर्वरक मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के नेतृत्व में डोमगड बचाओ मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर डोमगड एवं सिंदरी की समस्याओं को नड्डा के समक्ष अवगत कराया, साथ ही एफसीआईएल तथा सेल के द्वारा एमओयू को निरस्त कर पुनर्विचार करने के लिए आग्रह किया गया। उसमें पूर्व में डोमगड के स्थानीय लोग जो कि लगभग सत्तर वर्षों से रहते आ रहे हैं। धनबाद सांसद दुलू महतो ने कहा कि जल्द ही एक कमेटी का विस्तारीकरण कर एफसीआईएल, सेल तथा जिला प्रशासन के साथ बैठक कर सिंदरी की समस्याओं को दूर करना होगा और एफसीआईएल के सीएमडी से जल्द मुलाकात कर इस विषय को रखा जायेगा। डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के अध्यक्ष ने नड्डा से आग्रह किया है कि इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार करें, जिससे डोमगढ मे रह रहे 20 हजार की आबादी सुरक्षित तरीके से अपना जीवन जी सके। जेपी नड्डा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस विषय पर विचार कर आप लोगों को दिल्ली बुलाया जायेगा और विस्तार पूर्वक इस पर चर्चा कर इसका निवारण किया जायेगा। डोमगढ बचाओ मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल में विदेशी सिंह अनिल सिंह तथा मोहित मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# एनएसयूआइ से जुड़े व्यक्ति पर छात्रा से दुर्व्यवहार का आरोप, एबीवीपी ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**महुदा/कतरास (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीविपी) ने कॉलेज परिसर में एक गंभीर मामले को उठाते हुए आरोप लगाया है कि स्वयं को एनएसयूआई का कार्यकर्ता बताने वाले एक व्यक्ति ने एक छात्रा के साथ अनुचित व्यवहार किया और मानसिक उत्पीड़न पहुंचाया। छात्रा द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के बाद मुद्दा सामने आया, जिससे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गये हैं।

एबीविपी ने इसे छात्र राजनीति की गरिमा पर प्रहार बताते हुए महाविद्यालय प्रबंधन व प्रशासन से त्वरित और निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिषद का कहना है कि कैंपस में किसी भी प्रकार का अनैतिक आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एबीविपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम हजारी ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए आरोपित पर कठोर व उदाहरणात्मक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं।

## एड्स से बचाव, जानकारी ही सुरक्षा है : न्यायाधीश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोगों में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से झालसा द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष रंजन के निर्देश पर जिले के अभया सुंदरी बालिका उच्च विद्यालय में जागरूकता शिविर लगाया गया। प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि एड्स मुक्त समाज के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अभया सुंदरी बालिका विद्यालय में प्रधानाध्यापिका कावेरी सरकार, सहायक एलएडीसीएस कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी, अधिकार मित्र गीता कुमारी, चंदन कुमार, अनामिका सिंह द्वारा छात्राओं के साथ प्रभात फेरी निकाल कर जन जागरूकता फैलाई गयी। डालसा की टीम द्वारा छात्राओं के बीच बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी आदि मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान शिक्षिका तापसी बारीक, सुष्मिता कुंडू, अमृता कुमारी आदि मौजूद रही।

## डीएसपी में शव बरामदगी मामले का किया खुलासा

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करके डीएसपी वशिष्ट नारायण सिंह ने कुछ दिन पूर्व मिले अधेड व्यक्ति के शव की सच्चाई बतायी। श्रीसिंह ने कहा कि 1 दिसंबर को तेनुघाट ओपी थाना क्षेत्र के तेनुघाट डैम किनारे एक अज्ञात शव मिला था। इस मामले को लेकर तेनुघाट ओपी में मामला दर्ज किया गया और पुलिस जांच पड़ताल में पदाधिकारी लग गये थे। इस क्रम में यह जानकारी मिली कि वह शव पेटरवार थाना अंतर्गत अलगड्डा टोला, पूर्णाडीह निवासी हेमलाल मुर्मू की है। उनकी उम्र लगभग 50 वर्ष की होगी। उनका अपराधियों के द्वारा हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को डैम किनारे फेंक दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देशानुसार कांड का त्वरित उद्भेदन करते हुए दो आरोपी पेटरवार थाना अंतर्गत अलगड्डा टोला, पूणार्डीह निवासी विशाल कुमार सोरेन और कसमार थाना अंतर्गत कसमार चट्टी निवासी चंदू डे उर्फ रूपेश कुमार को गिरफ्तार करने का कार्य किया गया।

## बरारी मोड़ में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**जोड़ापोखर /झरिया (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के बरारी मोड़ के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में सिंदरी के रंगमाटी निवासी सनी कुमार रजक (32) की मौत हो गयी। सनी पिछले चार-पांच साल से टाटा कोलियरी में ठेकेदार के अधीन टेक्नीशियन के पद पर काम कर रहा था। बताया गया कि रात करीब 11 बजे वह ड्यूटी खत्म कर अपनी बाइक से घर लौट रहा था, तभी सामने से आ रही एक ओमनी वैन ने अचानक तेज रफ्तार में उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# पदुगोड़ा में सामुदायिक भवन का शिलान्यास वर्षों पुरानी मांग पूरी, महिलाओं में खुशी की लहर

**पूर्व जिप सदस्य संतोष महतो के प्रयास और सांसद चौधरी की अनुशंसा से 5 लाख की स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** पदुगोड़ा पंचायत के पदुगोड़ा बस्ती स्थित सरकारी विद्यालय के समीप प्रस्तावित सामुदायिक भवन का शिलान्यास शनिवार को गांव की महिलाओं द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व महुदा क्षेत्र के पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो ने किया। ग्रामीण महिलाओं की यह मांग वर्षों से लंबित थी। अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में भी श्री महतो ने इस भवन निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखे, हालांकि उस समय स्वीकृति नहीं मिल सकी। इसके बावजूद उन्होंने महिलाओं की आशाओं को टूटने नहीं दिया और उनकी समस्याओं एवं मांगों को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के समक्ष मजबूती से रखा। मांग की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने त्वरित पहल करते हुए लघु सिंचाई विभाग से समन्वय स्थापित कर 5 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से भवन निर्माण की स्वीकृति दिलायी। इस दौरान संतोष महतो ने कहा कि महिलाओं को बैठक सहित अन्य सुविधायें न होने से लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे उन्होंने नजदीक से महसूस किया। देश पंचायत प्रधान है, और विकास के लिए किसी पद की नहीं, संकल्प की आवश्यकता होती है। मैं सदैव जनप्रतिनिधि की तरह सेवा में उपस्थित रहूंगा।

# विस्थापितों के मुद्दों पर नहीं बनी सहमति, त्रिपक्षीय वार्ता विफल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** कलियासोल प्रखंड क्षेत्र के दामोदर नदी में डीवीसी द्वारा लगाए जा रहे सोलर प्लांट के विरोध में वस्तु हरा संग्राम समिति के विस्थापित लगातार 24वें दिन से धरने पर बैठे हुए हैं। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार दोपहर कलियासोल अंचल कार्यालय में अंचल अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गयी। बैठक में डीवीसी अधिकारियों, विस्थापितों तथा स्थानीय नेताओं को आमंत्रित किया गया। वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, कांग्रेस नेता सुधांशु शेखर झा, डीवीसी के सीनियर जीएम धर्मेंद्र शर्मा, डीएम समरेश कुमार, मनीष सिंह सहित विस्थापित परिवारों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। करीब दो घंटे चली इस बैठक में तीखी बहस और जानकारी मांगने के बावजूद डीवीसी अधिकारी किसी भी ठोस मुआवजा दस्तावेज को प्रस्तुत नहीं कर सके।

विस्थापितों का कहना था कि डीवीसी बताए कि उसने कितनी जमीन ली है, कितना मुआवजा दिया गया है और किन लोगों को नियोजन मिला है। इस पर डीवीसी अधिकारियों का कहना था कि जमीन सीधे राज्य सरकार से ली गयी है, इसलिए अधिग्रहण संबंधित सवाल राज्य सरकार से पूछे जाने चाहिए। स्पष्ट दस्तावेजों के अभाव और दोनों पक्षों की असहमति के कारण त्रिपक्षीय वार्ता बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गयी।

## सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में कौशल का प्रदर्शन करेंगे एमजीएम स्कूल के विद्यार्थी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इंफाल, मणिपुर में 11 से 14 दिसंबर तक आयोजित सीनियर जूडो प्रतियोगिता में एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ बोकारो के विद्यार्थी राजवीर सिंह, जयंत कुमार, अना शांडिल्य व कुमारी अदिति अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर छह में हुए झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया था। जिसके आधार पर उनका चयन सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस, उप प्राचार्य राखी बनर्जी, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, शैक्षिक निदेशक जार्ज जोसफ, प्रशिक्षक राजीव सिंह, मीनाक्षी कुमारी, मोहसिन, सौरभ व वंदना कुमारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-08/2025-26
पत्रांकः– 484 हुसैनाबाद, दिनांकः–06/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुड़ेलवा नाला पर चेकडैम का निर्माण, प्रखण्ड– हरिहरगंज, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 44,04,100=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.12.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 27.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 9031301518 eeidjaplami@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– 1. सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 367895 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-09/2025-26
पत्रांकः– 485 हुसैनाबाद, दिनांकः–06/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुशाहा नाला पर चेकडैम का निर्माण, प्रखण्ड– हरिहरगंज, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 45,25,200=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.12.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 27.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 9031301518 eeidjaplami@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– 1. सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 367897 Minor Irrigation(25-26)D

# बीएसएल के कोक ओवन विभाग में 'सुरक्षित हम-सुरक्षित प्लांट' संवाद कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने तथा जिम्मेदार कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनुप कुमार दत्त ने कोक ओवन विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां कार्यरत कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों के साथ सुरक्षा संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवायें) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एवं सीसी) भास्कर प्रसाद, महाप्रबंधक केएन झा, अंजनी कुमार, आरएन बिश्वास, सज्जाद अंसारी तथा उप महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी एसके प्रधान समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री दत्त ने सभी कर्मियों से सतर्क रहने और सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने जोखिम पहचान और जोखिम आकलन की प्रभावी प्रथाओं को दुर्घटना रोकथाम और सतत उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उपस्थित कर्मचारियों ने भी शून्य-दुर्घटना कार्यस्थल के संकल्प को दोहराया।

**क्वालिटी सर्किल टीमों के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम :** बीएसएल में नव पंजीकृत क्वालिटी सर्किल टीमों के लिए क्वालिटी सर्किल टूल्स पर व्यापक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में किया गया। प्रशिक्षण में वर्क्स और नॉन-वर्क्स डिवीजन की लगभग 30 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) अमरेश सिन्हा ने किया। यह बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा आयोजित तीसरा प्रशिक्षण सत्र था। पहले सत्र में क्यूसी अवधारणाओं पर जानकारी दी गयी थी, जबकि दूसरे सत्र में सांख्यिकीय तरीकों, प्रक्रिया विश्लेषण, निरीक्षण तथा राष्ट्रीय स्तर की क्यूसी प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन मानदंडों पर चर्चा की गयी। तीसरे सत्र में नयी टीमों के लिए सीआरएम-3 की प्रस्तुति भी प्रदर्शित की गयी। पूरा प्रशिक्षण सागरिका साहू द्वारा संचालित किया गया।

## तेनुघाट नहर मरम्मत के दौरान जल संरक्षण की अपील

जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा तेनुघाट नहर में 08 से 14 दिसंबर 2025 तक मरम्मत कार्य किया जायेगा। इस अवधि में बोकारो स्टील प्लांट को मिलने वाली रॉ-वॉटर की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्लांट प्रशासन ने नगरवासियों से पानी का उपयोग संयम और जिम्मेदारी के साथ करने की अपील की है। विभाग ने जल दुरुपयोग रोकने और इस अवधि में विशेष रूप से जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का अनुरोध किया है।

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Very Short-Term e-Procurement Notice

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/47/2025-26 | Renovation of State Pharmacy Institute, Women's Hostel, Staff Quarter at State Pharmacy Institute, Bariatu, Ranchi | 17887700.00 | Two Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 15-12-2025 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 22-12-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 23-12-2025 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| | Note: - Cost of bidding document (Non -Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

PR 367913 (Building) 25-26 (D)

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# आज भारत अलग लीग में : मोदी

## देश की ग्रोथ स्लो थी तो हिंदू रेट कहा, आज तेजी से बढ़ रही तो कोई नहीं बोलता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि जब भारत की ग्रोथ रेट दो-तीन परसेंट थी तो इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा गया और ये सिद्ध करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हिंदू संस्कृति है। पीएम मोदी दिल्ली में एक अखबार के कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज से बढ़ती इकोनॉमी है। आज क्यों नहीं हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जो बुद्धजीवी हर बात में सांप्रदायिकता खोजते रहते हैं उन्हें हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ में नजर नहीं आयी। यह टर्म उनकी किताबों में रिसर्च पेपर का हिस्सा बना दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है, भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है। जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है तब भारत पिलर बनता है। कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आये, जिसमें 8% से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं है ये स्ट्रांग मैक्रो इर्कोनामिकल सिग्नल है। यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है। देश में लोगों के 78 हजार करोड़ रुपये बैंक खातों में अनक्लेम पड़े हुए हैं। इसी तरह इंश्योरेंस कंपनियों में 48 हजार करोड़ बिना दावे के पड़े हैं।



यह ज्यादातर गरीब परिवारों का पैसा है, जिसे लोग भूल चुके हैं। इसलिए सरकार अब देशभर में स्पेशल कैंप लगाकर असली हकदारों को खोज रही है। अब तक लगभग 5000 जिलों में कैंप लगाकर करोड़ों रुपये सही लोगों तक वापस पहुंचाये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों को पता था लंबे समय तक राज करना है, तो उनमें हीनभावना का संचार करना होगा। उस दौर में अंग्रेजों ने यही किया भी इसीलिए भारतीय पारिवारिक संरचना को पुराना बताया पोशाक का मजाक उड़ाया। त्योहार को इरेशनल कहा गया। भारतीय आविष्कारों का मजाक उड़ाया गया। पीढ़ी दर पीढ़ी यही चलता रहा। ऐसे ही भारतीयों का विश्वास चकनाचूर होता गया।

उन्होंने कहा कि भारत का स्पेस सेक्टर पहले सरकारी कंट्रोल में था, हमने इसे प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला। आज इसके नतीजे देश देख रहा है। अभी 11 दिन पहले हैदराबाद में स्काई रूट कैंपस का इनॉगरेशन किया। यह भारत की प्राइवेट स्पेस कंपनी है। यह कंपनी फ्लाईरेडी विक्रम 1 बना रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जी 7 की इकोनॉमी औसतन 1.5% के पास है इन परिस्थितयों में भारत लो इंफ्लेशन मॉडल बना है। एक समय देश में ज्यादा महंगाई को लेकर चिंता जताते थे आज वे कम होने की बात करते हैं। एक समय था जब भारत में रिफॉर्म स्वार्थ के चलते होते थे। या संकट को मैनेज करने के लिए लेकिन आज देशहित में होते हैं। देश के हर सेक्टर में कुछ न कुछ बेहतर होता रहता है। हमारा इंटेंट नेशन फर्स्ट का है। भारत के एक सामर्थ्य का बड़ा हिस्सा लंबे समय तक अनटैप रहा है। हमारा पूर्वी भारत, गांव, नारी शक्ति, छोटे शहर, यूथ पॉवर, ब्लू इकोनॉमी का इस्तेमाल पहले के दशकों में हो ही नहीं पा रहा था। भारत अब इनके साथ आगे बढ़ रहा है।

### भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे: टेस्ट का लिया बदला, सीरीज पर कब्जा

# तीसरे वनडे में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराया

**भारत ने वनडे फोरमैट के दो मैच जीते, यशस्वी जायसवाल का शतक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशाखापट्टनम।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे वनडे में नौ विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। दक्षिण अफ्रीका 270 रन ही बना सका। भारत ने 40वें ओवर में महज एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत ने वनडे सीरीज जीत लिया है। इसके पहले हुए दो मैचों में दोनों टीमों ने एक-एक जीता था। यह वनडे का आखिरी मैच था। वनडे सीरीज जीत कर भारत ने दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट सीरीज की हार का बदला ले लिया है।



दक्षिण अफ्रीका की तरफ से क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48, डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 24 रन बनाकर टीम को 270 तक पहुंचाया। भारत से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिये। 271 रन के टारगेट के सामने यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलायी। दोनों ने 155 रन की पार्टनरशिप की। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए, यह सीरीज में उनकी पहली फिफ्टी रही। यशस्वी ने फिर 111 गेंद पर अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया। उनके सामने विराट कोहली ने महज 40 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। दोनों ने 40वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। दक्षिण अफ्रीका से केशव महाराज ने इकलौता विकेट लिया। अब दोनों टीमों के बीच 5 टी-20 की सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी।

### बजट से पहले कस्टम सिस्टम में बदलाव करेगी सरकार

# वित्त मंत्री ने कहा : नियम सरल होंगे

- ड्यूटी कम करने का प्लान; ट्रेड-इकोनॉमी को बूस्ट मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया है कि कस्टम सिस्टम में जल्द ही कई बड़े बदलाव किए जाएंगे। यह सरकार का अगला सबसे बड़ा रिफॉर्म होगा। इसका मकसद रूल्स को सरल बनाना है, ताकि बिजनेस और ट्रेडर्स को परेशानी न हो। पिछले दो सालों में ड्यूटी रेट्स को धीरे-धीरे कम किया गया है और अब जो आइटम्स अभी भी हाई ड्यूटी वाले हैं, उन पर भी फोकस होगा। यह रिफॉर्म इकोनॉमी को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है, जहां ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी और कंप्लायंस आसान होगा। बता दें कि कस्टम्स सिस्टम वो बॉडी है, जो टैरिफ कलेक्ट करती है और गुड्स के इंपोर्ट-एक्सपोर्ट को रेगुलेट करती है। इसमें व्हीकल्स, पर्सनल बिलॉन्गिंग्स और यहां तक कि डेंजरस आइटम्स का कंट्रोल भी शामिल है। सीतारमण ने कहा कि अभी यह सिस्टम थोड़ा टफ है, जिससे लोगों को कंप्लायंस में दिक्कत होती है। उनका प्लान इसे सिंपलीफाई करना है, ताकि ट्रांसपेरेंसी आए और प्रोसेस तेज हो। वर्ल्ड कस्टम्स ऑर्गनाइजेशन के स्टैंडर्ड्स से मैच करने का भी ऐलान किया गया है। पिछले दो सालों में ड्यूटी रेट्स को लगातार कम किया गया है, लेकिन कुछ आइटम्स जहां रेट्स अभी भी ऑप्टिमल से ऊपर हैं, वहां भी कटौती की जायेगी।

### हमें कस्टम्स को सरल बनाना है

वित्त मंत्री ने कहा, 'कई चीजें बाकी हैं, लेकिन बजट से पहले कस्टम्स सिस्टम को पूरी तरह बदल दिया जाएगा। हमें कस्टम्स को बहुत सरल बनाना है, ताकि लोगों को लगे कि यह थकाने



वाला या बोझिल नहीं है। कंप्लायंस के लिए रूल्स को ट्रांसपेरेंट बनाना जरूरी है।' उन्होंने इंकम टैक्स रिफॉर्म्स का उदाहरण दिया, जहां पहले एडमिनिस्ट्रेशन की वजह से टैक्स टेररिज्म जैसी बातें होती थीं। अब फेसलेस असेसमेंट्स से प्रोसेस क्लीन हो गया है। सीतारमण ने कहा कि इंकम टैक्स रेट्स प्रॉब्लम नहीं थे, प्रॉब्लम एडमिनिस्ट्रेशन की थी। वही चैलेंज कस्टम्स में है- प्रोसेस को स्ट्रिमलाइन करना, लेकिन अवैध सामानों को रोकना भी है। उन्होंने स्कैनिंग टेक्नोलॉजी पर ज्यादा भरोसा करने की बात की, ताकि कार्गो और ऑफिशियल्स के बीच डायरेक्ट कॉन्टैक्ट कम हो और डिस्क्रेशन घटे।

### रिफॉर्म से फॉरेन इनवेस्टमेंट बढ़ेगा

भारत की इकोनॉमी रिफॉर्म्स की ये जर्नी पुरानी है। इंकम टैक्स में जो चेंजेस आए, जैसे फेसलेस सिस्टम। वही मॉडल अब कस्टम्स पर अप्लाई होगा। सीतारमण ने बताया कि वर्ल्ड कस्टम्स ऑर्गनाइजेशन के बेंचमार्क्स से हम हमेशा मैच करते हैं। पिछले दो सालों में ड्यूटी कट्स से ट्रेडर्स को राहत मिली है, लेकिन अभी भी कुछ सेक्टर्स में रेट्स हाई हैं। यह ओवरहॉल ब्रॉडर इकोनॉमिक रिफॉर्म्स का हिस्सा है, जहां गवर्नमेंट का फोकस एडमिनिस्ट्रेशन को पेनलेस बनाना है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे बिजनेस एनवायरनमेंट बेहतर होगा और फॉरेन इनवेस्टमेंट बढ़ेगा।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर फिर गोलीबारी में 4 की मौत

- पीस टॉक के 48 घंटे बाद ही हमला, एक-दूसरे पर पहले अटैक करने का आरोप लगाया

एजेंसी

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर पर शुक्रवार को एक बार फिर भारी गोलीबारी हुई। गोलीबारी रात करीब 10 बजे शुरू हुई और देर रात तक चलती रही। दोनों देश एक-दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं। गोलीबारी में 4 अफगानी मारे गए और 4 घायल हो गए हैं।

अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया, जिसके जवाब में उनकी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। दूसरी तरफ पाकिस्तानी अधिकारियों का दावा है कि अफगान सेना ने बिना उकसावे के चमन बॉर्डर पर गोलीबारी शुरू की, जिसके बाद पाकिस्तानी फोर्सेस ने मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा कि पाकिस्तान अपनी सरहद और लोगों की हिफाजत के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है। इससे 48 घंटे पहले दोनों देशों के बीच शांति वार्ता हुई थी। हालांकि, यह बातचीत बेनतीजा रही।

**हमले से 48 घंटे पहले सऊदी अरब में शांति वार्ता हुई थी :** यह ताजा झड़प उस वक्त हुई है जब 2-4 दिसंबर को सऊदी अरब में दोनों देशों के बीच तीसरे शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हुई थी। हालांकि, दोनों पक्षों ने युद्धविराम को बनाए रखने का वादा किया था, लेकिन तनाव कम नहीं हो रहा। सऊदी अरब से दोनों प्रतिनिधिमंडल 4 दिसंबर अपने देश लौटे थे और 5 दिसंबर की रात को गोलीबारी शुरू हो गई। इससे पहले कतर और तुर्की में भी बातचीत हो चुकी है।

# पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



इलाहाबाद (आजाद सिपाही)। इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी से जुड़े एक मामले में भोजपुरी सिंगर और यूट्यूबर नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यूज एजेंसी एएनआइ के मुताबिक नेहा सिंह राठौर की अप्रैल में की गई टिप्पणी को लेकर इस साल की शुरुआत में लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। गायिका पर इसी तरह के आरोपों के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में कई एफआइआर दर्ज हुई हैं। यह मामला अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के संबंध में राठौर की टिप्पणियों से जुड़ा है। 'बिहार में का बा' सॉन्ग फेम सिंगर नेहा ने 23 अप्रैल की अपनी एक्स पोस्ट में आरोप लगाया था कि 'मोदी सरकार जाति और धर्म के आधार पर राजनीति कर रही है'। कथित तौर पर पीएम मोदी को निशाना बनाते हुए नेहा सिंह राठौर पर कई राष्ट्रविरोधी सोशल मीडिया पोस्ट करने के भी आरोप हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए एक पुराने इंटरव्यू में, नेहा सिंह राठौर ने अपने बयानों का बचाव किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी बातों का गलत मतलब निकाला गया है। राठौर ने कहा कि उनका इरादा हमले के बाद सुरक्षा इंतजामों के बारे में प्रधानमंत्री से सवाल करना था। भोजपुरी सिंगर ने यह भी कहा कि यह बात गाने के तौर पर नहीं कही गयी थी, बल्कि टूरिस्ट की सुरक्षा चिंताओं को लेकर एक सीधी अपील थी।




# डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने लांच किया सीसीटीएनएस पोर्टल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना के सरदार पटेल भवन में क्राइम-क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम यानी सीसीटीएनएस भी लॉन्च किया। बिहार पुलिस ने नागरिकों को बेहतर ऑनलाइन पुलिस सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से इसे तैयार किया है। सीसीटीएनएस लॉन्च करने के बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह नागरिक सेवा पोर्टल है, जो पुलिस से जुड़ी कई सेवाएं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध करायेगा। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक बिना थाना या किसी कार्यालय गए कई सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि लोग अपनी शिकायतें भी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे और इससे पुलिस तथा जनता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा।

**अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें :** साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने बिहार पुलिस को केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय बढ़ाने, अनुसंधान में तेजी लाने और अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध के मामलों के उद्भेदन और सफलता को विभिन्न माध्यमों से व्यापक रूप से प्रचारित किया जाये, ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास बढ़े। उपमुख्यमंत्री ने राज्य के सभी स्कूलों व कॉलेजों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम चलाने, विशेषकर छात्राओं व महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने बैंकिंग फ्रॉड और धनशोधन से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई करने तथा इनके अनुसंधान में केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया।

**आठ से दस मिनट में पहुंचे डायल 112 :** उन्होंने पुलिस की इमरजेंसी सेवा (डायल 112) का रिस्पांस टाइम आठ से दस मिनट के भीतर सुनिश्चित करने और स्कूल-कॉलेजों के आसपास दोपहिया गश्ती दल की तैनाती बढ़ाने को कहा, ताकि छात्र और महिलाएं सुरक्षित महसूस करें। संगठित अपराधों के खिलाफ 360 डिग्री कार्रवाई करने और कारा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में भी उन्होंने कई निर्देश जारी किये। जेलों में भोजन की गुणवत्ता सुधारने, बाहरी सामग्री की अवैध आपूर्ति रोकने और सभी वार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया गया। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने गृह विभाग में तकनीकी/प्रोफेशनल कर्मियों के रिक्त पदों के नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति के लिए वरीय पदाधिकारियों को समान्य प्रशासन विभाग से शीघ्र अधियाचना करने का निर्देश दिया।








# श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र बना छावनी चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल का पहरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मथुरा।** अयोध्या विवादित ढांचा विध्वंस की बरसी यानि छह दिसंबर को सामाजिक संगठनों शौर्य दिवस मनाने की घोषणा के बाद मथुरा में पुलिस अलर्ट है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही मस्जिद ईदगाह को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज पर पूरे क्षेत्र में पीएसी और पुलिस बल तैनात रहा। कड़ी सुरक्षा के बीच नमाजी ईदगाह पहुंचे। शनिवार को भी ड्रोन एवं पुलिस बल चप्पे-चप्पे की निगरानी करेंगे।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही मस्जिद ईदगाह की पहले से ही तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है।



छह दिसंबर को लेकर पुलिस प्रशासन ने आगरा जोन के जिलों से 700 अतिरिक्त पुलिसकर्मी मंगाये गये हैं। शनिवार सुबह ईदगाह और जन्मस्थान जाने वाले रास्तों पर व्यापक सुरक्षा इंतजाम होंगे। कई स्थानों पर चेकिंग होगी। आसपास के घरों में छतों पर पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। अराजकतत्वों की छानबीन के लिए आसपास के क्षेत्रों में होटल, गेस्टहाउस और धर्मशाला में भी तलाशी अभियान चलाया गया। सड़कों पर भी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। डीएम चंद्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार भी सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। एसएसपी ने बताया कि कहा कि किसी भी प्रकार के उपद्रव, भड़काऊ भाषण या अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस लगातार गश्त कर रही है। करीब 150 से अधिक लोगों को पुलिस ने शांतिभंग में पाबंद किया है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**